डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
12 सितंबर 2023 मंगलवार

**आज का मौसम**
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## चीन सीमा पर दुनिया का सबसे ऊंचा एयरफील्ड बनाएगा भारत

### राजननाथ ने रखी आधारशिला, फाइटर ऑपरेशन आसान होंगे

**नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जम्मू कश्मीर के दौरे पर हैं। यहां वे 2491 करोड़ की 90 परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। सिंह यहां के सांबा में 422.9 मीटर लंबे देवक ब्रिज का उद्घाटन तथा यहीं से वे 89 प्रोजेक्ट्स का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिलान्यास कर रहे हैं। इनमें 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनने वाला न्योमा एयरफील्ड भी शामिल है। 218 करोड़ की लागत से बन रहे इस एयरफील्ड से फाइटर जेट उड़ान भर सकेंगे और उतर सकेंगे। खास बात ये है कि ये एयरफील्ड LAC से सिर्फ 50 किलोमीटर दूरी पर है। यह दुनिया का सबसे ऊंचा एयरफील्ड होगा। यह रणनीतिक तौर पर काफी अहम होगा क्योंकि इसके बनने से LAC के करीब तक फाइटर ऑपरेशन हो सकेंगे। यह लद्दाख में तीसरा फाइटर एयरबेस होगा। नए एयरबेस से लद्दाख में निगरानी बढ़ाने के लिए लड़ाकू विमान, नए रडार और उन्नत ड्रोन संचालित हो सकेंगे। माना जा रहा है कि इस एयरबेस को तैयार करना, लगातार आक्रामक होते रहे चीन के खिलाफ आक्रामक क्षमताओं को बढ़ाने की योजना का हिस्सा है।



### पीओके खुदबखुद भारत में मिलेगा

केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने पीओके को भारत में मिलाने की लोगों की मांग पर लोगों से इंतजार करने को कहा है। जब उनसे पूछा गया कि लोगों ने मांग की है पीओके को भारत में विलय किया जाए। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'पीओके अपने आप में भारत में विलय हो जाएगा, कुछ समय इंतजार करें।'

## मप्र के मामले दिल्ली पहुंचे, भाजपा का आधी रात तक होमवर्क, कांग्रेस की शाम को बड़ी बैठक

# विस चुनाव: टिकटों के लिए दोनों दलों की हाइकमान पर टकटकी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस आज टिकटों के लिये पहली बार बड़े मिशन पर है। शाम को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होने वाली है, इससे पहले आज सुबह समिति के सभी नेता कमलनाथ के निवास पर जुटे और शाम की बैठक से पहले प्री-बैठक की, इसमें राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वीणुगोपाल, मप्र के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवालां तथा लोकसभा चुनाव के लिये बनाए गए सभी पर्यवेक्षकों की भी राय ली गई। बैठक के बाद सभी नेता दिल्ली रवाना हो गए। उधर भाजपा ने अमित शाह की मौजूदगी में दिल्ली में देर रात तक मप्र के टिकटों की दूसरी सूची पर मंथन किया, इसके लिये सीएम शिवराज सिंह और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा को खासतौर पर बुलाया गया था। माना जा रहा है कि भाजपा दूसरी सूची भी जल्द जारी कर सकती है, लेकिन कांग्रेस आज की कवायद के बाद भी अपनी सूची बीस सितंबर के आसपास ही जारी करेगी, क्योंकि स्क्रीनिंग कमेटी की अनुशंसा केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष रखी जाएंगी, इस सीईसी की बैठक चार दिन बाद होगी।

सूत्रों का कहना है कि आज कमलनाथ के निवास पर बैठक का मुख्य मकसद करीब सौ सीटों के लिये नामों पर अधिकतम सहमति यहीं बना लेने पर रहा, ताकि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में ज्यादा पेंच न उभरें। सुरजेवालां भी इसे लेकर काफी होमवर्क कर चुके हैं। मप्र की सभी 29 लोकसभा सीट के लिए बनाए गए ऑब्जर्वर की पहली बैठक भी इसीलिये महत्वपूर्ण है। इनसे भी विस क्षेत्रों के बारे में रिपोर्ट ली गई। इन पर्यवेक्षकों के रूप में बाहरी राज्यों के कांग्रेस नेताओं को तैनात किया गया है। इनमें भोपाल लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सातों विधानसभा सीटों के प्रभारी असम से तीन बार के विधायक रेकुबद्दीन अहमद हैं। गुजरात में पूर्व नेता प्रतिपक्ष परेश धनानी और वरिष्ठ नेता प्रकाश जोशी को जबलपुर और ग्वालियर लोकसभा व मोहन जोशी इंदौर के ऑब्जर्वर हैं।



### हारी सीटों पर नाम पहले

**बताया** जाता है कि कांग्रेस भी भाजपा की तरह अपनी उन कमजोर सीटों पर पहले उम्मीदवार तय करना चाहती है जहां वह चार पांच चुनाव मे लगातार हार चुकी है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने चार महीने में 66 सीट पर दौरे कर अपनी रिपोर्ट और उम्मीदवारों के नामों का पैनल कमलनाथ को दे भी दिया है। इन नामों की सर्वे के डाटा से मैचिंग की जा रही है। इसके बाद सीनिंग कमेटी की बैठक में इन सीट्स के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा होगी। स्क्रनिंग कमेटी की बैठक में जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों द्वारा दिए गए नामों का भी मिलान किया जाएगा। सर्वे, दिग्विजय सिंह की रिपोर्ट और जिलों से आए नामों में जो भी नाम मैच करेंगे, उन्हें पहली लिस्ट में उम्मीदवार घोषित किया जा सकता है।

## कल भाजपा की दूसरी सूची पर फैसला करेंगे मोदी



***दूसरी** तरफ भाजपा की दूसरी सूची पर मशक्कत चल रही है। कांग्रेस के कब्जे वाली या हारी सीटों की दूसरी सूची के लिए बीती रात मंथन दिल्ली में हुआ। अमित शाह की मौजूदगी में जेपी नड्डा, बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, नरेंद्र सिंह तोमर के साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा व हितानंद इसमें मौजूद हैं। बताया जाता है कि बैठक में प्रत्याशियों के नाम की सूची पर विचार हुआ है और इसे केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भेजा जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में फैसला कल बुधवार को संभव है। ज्ञात हो कि भाजपा गत माह पहली सूची में 39 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। यह भी ज्यादातर वो सीट हैं जो भाजपा के सर्वे में कमजोर मिली थीं। अब हारी हुई 64 सीटों के प्रत्याशी घोषित होंगे। हालांकि पहली सूची में ही करीब दर्जनभर नामों पर जमकर विरोध चल रहा है*

## ट्रेन से रूस पहुंचे किम जोंग

**मास्को, एजेंसी।**

उत्तर कोरिया के सैन्य शासक किम जोंग आज सुबह रूस पहुंच चुके हैं। माना जा रहा है कि वे व्लादिवोस्तोक शहर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे। डेढ़ साल से चले आ रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच ये मीटिंग नया मोड ला सकती है। किम और पुतिन दोनों एक-दूसरे को किसी तरह की मदद भी दे सकते हैं। लेकिन इस सबके बीच एक खास बात ये है कि बाकी लीडरों की तरह किम हवाई यात्रा नहीं, बल्कि ट्रेन से सफर करते हैं। हर तरह की सुविधाओं वाली ये ट्रेन अपने-आपमें भारी-भरकम इतिहास रखती है।



वैसे भी किम जोंग के बारे पुख्ता बातें कम ही सामने आती हैं इसके बाद भी बीच-बीच में कुछ न कुछ नया सामने आता है। माना जाता है कि किम जोंग को उड़ने से डर लगता है, यह डर खानदानी है, उनके पिता और दादा भी हवाई यात्रा से बचते रहे।

## बिरयानी के लिए रायता मांगा तो होटलकर्मियों ने पीटकर मार डाला

**हैदराबाद , एजेंसी।**

यहां के एक रेस्तरां में ग्राहक ने जब बिरयानी के लिए एक्स्ट्रा रायता मांगा तो उसकी जानलेवा पिटाई हो गई। बताया जाता है कि होटल कर्मचारियों ने ग्राहक को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मारे गए शख्स लियाकत की उम्र 30 साल थी और वह चंद्रयानगुट्टा के रहने वाले थे तथा तीन दोस्तों के साथ डिनर के लिए पंजागुट्टा एक्स रोड इलाके के मेरिडियन होटल में बिरयानी खाने गए थे। जहां रायते पर विवाद हुआ। पुलिस ने बताया कि बिरयानी खाते समय एक्स्ट्रा रायता मांगने पर कस्टमर और होटल के कुछ कर्मचारियों के बीच कहासुनी हो गई। पुलिस के मुताबिक, कस्टमर और रेस्तरां के एक कर्मचारी ने कथित तौर पर एक-दूसरे के साथ मारपीट की।



## ट्रूडो का हवाई जहाज खराब पांच दिन से भारत में

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कनाडाई प्रधानमंत्री के विमान में आई खराबी के कारण दो दिनी जी-20 शिखर सम्मेलन खत्म होने के बाद भी जस्टिन ट्रूडो और उनके प्रतिनिधिमंडल तीन दिन से भारत में रुके हुए हैं। सम्मेलन में भाग लेने के बाद जस्टिन ट्रूडो की उड़ान से पूर्व जांच के दौरान जहाज में तकनीकी खराबी सामने आ गई। जिसके कारण कनाडाई सशस्त्र बलों ने विमान एयरबस को उड़ान भरने से रोक दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, जस्टिन ट्रूडो और उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत से वापस ले जाने के लिए एक बैकअप विमान आ रहा है। दिल्ली में विमान की खराबी को ठीक करने के लिए एक टेक्नीशियन बैकअप प्लेन में स्पेयर पार्ट के साथ आ रहा है। आज देर दोपहर बाद ही जस्टिन कनाडा के लिए उड़ान भर सकते हैं



## विशेष सत्र : संसद के कर्मचारियों के लिए निफ्ट ने बनाई ड्रेस

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

संसद का 18 सितंबर से शुरू होने वाला विशेष सत्र सियासी मायने में भी खास तो है ही कुछ अन्य बदलाव भी खास बन गये हैं। 22 सितंबर तक चलने वाले इस सत्र का एजेंडा क्या होगा? इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन खबरें हैं कि विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सांसदों का नए भवन में प्रवेश होगा। गणेश चतुर्थी के दिन 19 सितंबर से सदन की कार्यवाही नए संसद भवन में चलेगी। यानि सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन में होगी और समापन नए भवन में होगी। बताया जाता है कि यह विशेष सत्र कर्मचारियों की ड्रेस में बदलाव का भी गवाह बन सकता है। सूत्रों के मुताबिक संसद भवन के स्टाफ की पोशाक भी बदली नजर आएगी। संसद भवन के कर्मचारियों के लिए जो नई पोशाक डिजाइन की गई है वह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी यानी निफ्ट ने डिजाइन की है। सचिवालय के कर्मचारियों का परिधान बंद गला सूट से बदल कर मैजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरु जैकेट कर दी जाएगी। उनके शर्ट भी गहरे गुलाबी रंग के होंगे जिन पर कमल का फूल बना होगा और वे खाकी रंग की पैंट पहनेंगे। लोकसभा और राज्यसभा के मार्शल मणिपुरी पगड़ी पहनेंगे, सुरक्षा कर्मचारी अब कमांडो की तरह कैमोफ्लेज ड्रेस में नजर आएंगे.



### कांग्रेस ने ड्रेस कोड पर उठाए सवाल

वि पक्षी कांग्रेस ने संसद भवन के कर्मचारियों की नई ड्रेस पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में पार्टी के चीफ व्हिप मनिकम टैगोर ने ट्वीट कर सवाल किया है कि कमल का फूल ही क्यों? मोर और टाइगर क्यों नहीं हो सकते? उन्होंने तंज करते हुए आगे लिखा कि ओह, ये बीजेपी के चुनाव निशान नहीं हैं।

**मेट्रो एंकर**

### विशाल एक्सोप्लैनेट पर महासागर मिला

## पृथ्वी से करोड़ों मील दूर नई पृथ्वी तलाशी नासा ने

**फ्लोरिडा , एजेंसी।**

नासा के वैज्ञानिकों ने कई प्रकाश वर्ष दूर एक विशाल एक्सोप्लैनेट पर एक महासागर के होने का ऐलान किया है। उनकी मानें तो इसके साथ ही इस ग्रह पर संभावित जीवन की तरफ इशारा करने वाला एक रसायन मिला है। यह खोज नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने की है। जो एक्सोप्लैनेट मिला है वह पृथ्वी से 8.6 गुना बड़ा है साथ ही एजेंसी को के 2-18 बी ग्रह के वातावरण की नई जांच में मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड समेत कार्बन के प्रभाव वाले अणुओं की उपस्थिति का भी पता चला है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेम्स वेब की खोज हाल के अध्ययनों से जुड़ती है जो बताती है कि K2-18 b एक हाइसीन एक्सोप्लैनेट हो सकता है, जिसमें हाइड्रोजन समृद्ध वातावरण और महासागर से ढंके होने की संभावना है। नासा ने वेबसाइट पर लिखा है कि इस रहने योग्य क्षेत्र वाले एक्सोप्लैनेट के वायुमंडलीय गुणों के बारे में पहली जानकारी नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली है। इस नई तलाश ने आगे की रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों को प्रेरित किया। इस खोज ने सिस्टम के बारे में उनकी समझ को ही बदल दिया है।

दरअसल, K2-18 b रहने योग्य क्षेत्र में ठंडे एकदम छोटे बौने से तारे K2-18 की परिक्रमा करता है। यह पृथ्वी से 120 प्रकाश वर्ष दूर है। इसके जैसे एक्सोप्लैनेट, जिनका आकार पृथ्वी और नेपच्यून के बीच है, सौर मंडल की किसी भी चीज से काफी अलग हैं। नासा की मानें तो निकटवर्ती ग्रहों की कमी की वजह से इन 'उप-नेपच्यून' को अक्सर कम करके आंका जाता है। इसके अलावा उनके वायुमंडल की प्रकृति खगोलविदों के बीच सक्रिय बहस का विषय है। नासा की मानें तो K2-18 b एक हाइसीन एक्सोप्लैनेट हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कुछ खगोलविद मानते हैं कि यह घटनाक्रम एक्सोप्लैनेट पर जीवन की तलाश की दिशा में नई उम्मीद देती हे।



### क्या सोचते हैं वैज्ञानिक

*कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री और इन नतीजों के बारे में बताने वाले लीड ऑथर निक्कू मधुसूदन ने बताया, 'परंपरागत रूप से, एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज मुख्य रूप से छोटे चट्टानी ग्रहों पर केंद्रित रही है। लेकिन बड़े हाइसीन दुनिया वायुमंडलीय धारणा के लिए काफी अनुकूल हैं।' मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड का होना और अमोनिया की कमी इसी परिकल्पना का समर्थन करती है कि K2-18 b में हाइड्रोजन लैस वातावरण के नीचे एक महासागर हो सकता है।*

## भूस्खलन की चपेट में आकर ट्रक खाई में गिरा, छह मौत



**श्रीनगर एजेंसी , एजेंसी।**

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन से बड़ा हादसा हुआ, यहां भूस्खलन की चपेट में आने के बाद एक ट्रक गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मंगलवार तड़के यह हादसा हुआ। रामबन जिले में शेरबीबी के पास राजमार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था। स्थानीय स्वयंसेवकों और पुलिस द्वारा तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। सभी चार शवों को निकाला गया है। अधिकारियों ने मृतकों की पहचान कुलगाम के ट्रक चालक मोहम्मद अफजल गारू (42), उनके भाई अल्ताफ गारू (36), अनंतनाग के इरफान अहमद (33) और उनके भाई शौकत अहमद (29) के रूप में की है। घरेलू उपयोग के लिए ट्रक में ले जाए जा रहे लगभग छह मवेशी भी दुर्घटना में मारे गए। यह देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है और इसे यातायात योग्य बनाने के प्रयास जारी हैं।

# जेपी अस्पताल में अव्यवस्थाएं, स्वास्थ्य विभाग को जांच के निर्देश

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र मानव अधिकार आयोग जेपी अस्पताल के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला अस्स्पताल में बिजली के डिब्बे खुले होने से शॉर्ट सर्किट के खतरे और दूसरा मामला ओपीडी के पर्चे के लिए मरीजों के घंटों लाईन में परेशान होने का है। दोनो ही मामलों में आयोग ने स्वास्थ्य विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 15 दिन के भीतर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि जेपी अस्पताल में एमसीबी बॉक्स खुले पड़े हैं, तो कहीं दीवारों पर सीलन है। इसके चलते यहां हमेशा शॉर्ट सर्किट का खतरा बना रहता है। यहां मरीजों की सुविधा के लिये पांच साल पहले टोकन सिस्टम चालू किया गया था, लेकिन बाद में गड़बड़ होने लगी। डाक्टर्स के कक्ष के बाहर टोकन नंबर प्रदर्शित करने वाली डिस्प्ले पर केवल रेड लाईन ही नजर आती है। देखरेख नहीं होने से यह व्यवस्था अब बंद नजर होती आ रही है।

## एमसीबी बॉक्स खुले होने से शॉर्ट सर्किट का खतरा, पर्चे के लिए मरीज परेशान




## पैसे मांगे तो मां को पीटा

भोपाल की अरेरा कॉलोनी में एक कलयुगी बेटे द्वारा अपनी मां के बैंक खाते से 32 लाख रूपये धोखे से निकाल लेने का मामला सामने आया है। मां ने जब बेटे से पैसों का हिसाब मांगा, तो उसने मां की पिटाई कर दी। पीडिता जब थाने पहुंची, तो उसे वहां भी उसे कोई राहत नहीं मिली। आयोग ने पुलिस कमिश्नर को प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

## जर्जर और अंधेरे वाली सड़क

कोलार क्षेत्र के वार्ड-81 में मुख्य मार्ग से गौरव नगर तक पहुंचने वाली सड़क जर्जर और अंधेरे से भरी पड़ी है। यहां पर शाम के वक्त असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। आयोग ने मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर एवं नगर निगम कमिश्नर से प्रकरण की जांच कराकर महिला सुरक्षा के लिये के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में 15 दिन में जवाब मांगा है।

**सड़क के दोनों ओर गहरे गड्ढे, अस्पताल पहुंचने में मरीज परेशान:** कोलार रोड़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी महज 200 मीटर है, लेकिन यहां एंट्री करते ही सड़क के दोनों ओर गहरे गढ्ढे हैं। वहीं रोड़ के बीच में भी गढ्ढा है, जिससे वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है और वे हादसे का शिकार हो जाते हैं। पैदल तक निकलने का रास्ता नहीं है। मामले में आयोग ने कलेक्टर को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मरीजों की पहुंच में हो रही कठिनाई और शासन स्तर पर की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है।

### रेलवे ने रविवार सुबह ट्रेन को 18 दिन तक निरस्त किया था

# भोपाल एक्सप्रेस बहाल तो हुई लेकिन हजारों यात्रियों के लाखों रुपये फंसे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शान–ए–भोपाल एक्सप्रेस को रेलवे ने भले ही बहाल कर दिया है लेकिन हजारों यात्रियों के लाखों रुपए फंस गए हैं। अब यात्री परेशान हो रहे हैं और सोशल मीडिया पर रेलवे के अधिकारियों पर भडास निकाल रहे हैं।

भोपाल एक्सप्रेस रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुदृदीन के बीच रोज चलती है। इसमें रोजाना करीब 1500 यात्री यात्रा करते हैं। रेलवे के अधिकारियों ने इस ट्रेन को झांसी रेलवे स्टेशन यार्ड में चल रहे काम के चलते बिना सोचे–समझे निरस्त कर दिया। इसके मैसेज भी यात्रियों को दिए गए और रविवार सुबह करीब 9 बजे सार्वजनिक सूचना भी जारी कर दी। जिसके बाद जिन यात्रियों का इस ट्रेन में टिकट था और जिन्हें जाना ही था उन्होंने इस ट्रेन से टिकट कैंसिल कराए और दूसरी ट्रेनों टिकट खरीद लिए। इसी बीच रविवार रात करीब 12 बजे यात्रियों का दबाव बढ़ा तो रेलवे ने इस ट्रेन को बहाल कर दिया। असल में इस समय ट्रेनों में टिकट आसानी से नहीं मिल रहे हैं। बहुत मारा–मारी है। कुछ ट्रेनें तो नो रूम है और कुछ में वेटिंग है। यह स्थिति एक्सप्रेस श्रेणी की ट्रेनों की है। भोपाल भी एक्सप्रेस श्रेणी की ट्रेन है। फिलहाल शताब्दी, राजधानी और वंदे भारत जैसी अधिक किराये वाली ट्रेनों में ही टिकट है, मजबूरन कई यात्रियों को इसी ट्रेन के टिकट खरीदने पड़े हैं।

**जिसके चलते यात्रियों ने टिकट कैंसिल कराए और दूसरी ट्रेनों में किया था रिजर्वेशन, रेलवे ने इसी दिन रात करीब 12 बजे फिर ट्रेन को बहाल किया, तो यात्रियों के फंस गए रुपये, अब हो रहा नुकसान**



## तो रेलवे को होगा नुकसान

रेलवे मामलों के जानकारी अरुण अवस्थी का कहना है कि जल्दबाजी में भोपाल एक्सप्रेस को निरस्त करने की गलती रेलवे के कुछ अधिकारियों से हुई है। अब नुकसान रेल यात्रियों का हो रहा है। यदि इनमें से कोई भी यात्री उपभोक्ता फोरम जाते हैं तो तय है कि फैसला यात्रियों के पक्ष और रेलवे के खिलाफ में आएगा। इस तरह रेलवे को अपने खजाने से राशि चुकानी होगी।

## यात्रियों के इस तरह फंस गए हजारों रुपये

भोपाल निवासी रिटायर्ड वन अधिकारी एके बरोनिया ने भोपाल एक्सप्रेस में 16 सितंबर को दिल्ली जाने का टिकट लिया था। यह एसी–2 का टिकट था जिसके 1520 रुपए दिए थे। रेलवे ने इसी बीच सूचना दी कि ट्रेन 11 सितंबर से 18 दिन तक निरस्त रहेगी। जिस पर उन्होंने रविवार दिन में टिकट निरस्त करा कर राजधानी एक्सप्रेस में 2485 रुपए का टिकट खरीदा। जब सोमवार तक भोपाल एक्सप्रेस के निरस्त कराए टिकट के रुपए वापस नहीं मिले तो पड़ताल की। जिसमें पता चला कि भोपाल एक्सप्रेस का टिकट तो निरस्त ही नहीं हुआ है। फिलहाल उनके पास दिल्ली जाने के लिए दो ट्रेनों में कन्फर्म टिकट है जो 4005 रुपए के है। इसमें से एक भी टिकट वह निरस्त कराते हैं तो 30 से 40 प्रतिशत रुपये रेलवे काट लेगा। उनका कहना है कि रेल अधिकारियों की गलती के कारण उसके जैसे कई यात्री परेशान है।

**यहां करें शिकायत:** जिन यात्रियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है वे रेल सुविधा नंबर 139 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। भोपाल डीआरएम व पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के कार्यालय में भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## अनिश्चित कालीन हड़ताल




**भोपाल** । कलेक्ट्रेट ऑफिस पर पटवारी ने हड़ताल के दौरान धरना प्रदर्शन किया।

# 250 जनजातीय विद्यार्थियों ने दीं आकर्षक प्रस्तुतियां

**भोपाल।** राजधानी के बावड़िया कला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (गुरुकुलम) में राज्य स्तरीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 63 ई.एम.आर.एस. के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जनजातीय विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, समूह गान, वादन, एकल गायन, नाटक, एकल नृत्य, चित्रकारी, शास्त्रीय व उपशास्त्रीय गायन, जनजातीय लोककथा वाचन, तात्कालिक भाषण, स्पेल-बी, वाद-विवाद, वाचन, सृजनात्मक लेखन, प्रश्नोत्तरी आदि विधाओं में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। राज्य स्तर पर चयनित होने वाले विद्यार्थी 3 अक्टूबर को देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। संगीत निर्माता व निर्देशक उमेश तरकशवार और डॉ. वीनस बतौर निर्णायक व अन्य मार्गदर्शक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रदेश स्तर पर 10 दिवसीय मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिससे वह राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

**सीखने-संवरने के अवसरों का उपयोग करें जनजातीय विद्यार्थीर्रू पं. गुंदेचा:** प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक गुरु पंडित उमाकांत गुंदेचा ने कहा कि आपको अपनी प्रतिभा और कला से प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करना है। विद्यार्थी जीवन में कला को निखारने का अनमोल अवसर देता है। सीखने, समझने और संवरने के अवसरों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।

# चन्द्रयान 3 टीम के सदस्य दीपक का सिंधी पंचायत ने किया सम्मान

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

पूज्य सिंधी पंचायत ने चन्द्रयान 3 का हिस्सा रहे संतनगर के युवा दीपक आसूदानी का शाल- श्रीफल से सम्मान किया। सम्मान कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने दीपक आसूदानी का परिचय दिया। अध्यक्ष साबू रीझवानी ने कहा कि चन्द्रयान 3 की सफलता से हर भारतवासी गौरव का अनुभव कर रहा है। मिशन का हिस्सा संतनगर के युवा वैज्ञानिक दीपक आसूदानी रहे, यह संतनगर के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर नव युवक परिषद के संस्थापक आसूदो लच्छवाणी ने कहा कि मुझे दीपक ने व्हाटसअप द्वारा खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वे इसरो में वैज्ञानिक के पद पर लिक्विड प्रोक्यूलजन सिस्टम सेंटर में कार्यरत हूं जो कि चन्द्रयान 3 की सफल प्रशिक्षण के लिए कार्यरत है। वे वहां पर क्रायोजनित इंजन टीम जो कि एलवीएम एम 4 लांच व्हीकल में कार्य कर रहा हैं। कार्यक्रम में दीपक आसूदानी ने पंचायत व समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। आसूदानी का स्वागत करने वालों में नंद कुमार दादलानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, माधू पारदासानी, दयाल दोलतानी, हीरो आडवाणी, शेटटी चंदनानी, बबलू टेकचंदानी, जीतू दीनानी, बूलचंद वासवानी, मुरली गुरबानी आदि शामिल है।




## स्टूडेंट्स एवं प्रोफेसरों की सेहत की जांच हुई

**हिरदाराम नगर।** हेल्थ एण्ड हाईजिन कमेटी द्वारा निदान स्वास्थ्य वेलफेयर सोसायटी एवं निदान पैथॉलोजी ने साधु वासवानी महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें हिमोग्लोबिन, शुगर एवं बी.एम.आर की जांच परीक्षण किया गया। महाविद्यालय के विघार्थी, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस अवसरा पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऐ.के. सिंह एवं सयोजिका हेल्थ एंड हाईजिन कमेटी प्रो नेहा संतानी, जेसमीन अली मौजूद रहे।

# भारत जानो प्रतियोगिता में अव्वल रहे अभिषेक व हर्ष



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता में भाग लिया, प्रतियोगिता में अभिषेक बघेल एवं हर्ष यादव ने ट्रॉफी हासिल की। विद्यार्थियों की कामयाबी पर स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, विद्यालय की उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने बधाई देते हुए बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता जो भोपाल स्तर पर आयोजित की गई थी इस प्रतियोगिता में आठ स्कूलों ने भाग लिया था, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता धार में आयोजित की गई थी, जिसमें विद्यार्थियों ने पुरस्कार हासिल किया है। प्राचार्यासुतापा जॉयसवाल, उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, पीआरओ दीपा आहूजा, एवं रुपाली मेशराम व विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पौधा रोप कर मनाया द्रोपदी दीदी ने जन्मदिन



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सेवा, सुमिरन में हजारों युवकों को साधना का पथ दिखाने वाली दीदी द्रोपदी धनवानी ने अपना 64 वां जन्म दिन पर्यावरण जागरूकता दिवस के रूप में मनाया। बोरवन क्लब के सदस्यों के साथ बोरवन पार्क में पौधारोपण किया। साथ ही मिनी मार्केट गुरूद्वारे में धार्मिक कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। बोरवन क्लब के महासचिव शेट्टी ने भी अपने जन्म दिन पर पौधा रोप।

इस अवसर पर के आयोजन में सुरेश गेहानी, सुनील दादलानी, दीपक वासवानी, राकेश शेवानी, महेश असवानी, दिनेश सोनी व अन्य समाजसेवी मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह

# शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी को गढ़ने वाले: सिद्धभाऊजी

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रबंधन समिति ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट किए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी भावनाएं व्यक्त की।

संस्था के अध्यक्ष संत सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी को गढ़ने वाले आदर्श व्यक्तित्व होते हैं। शिक्षकों के ज्ञान की छांव में विद्यार्थी गगनचुंबी लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। विद्यार्थी के चहुंमुखी विकास एवं उसकी सफलता में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक की वाणी, वेशभूषा एवं व्यवहार उन्हें समाज का अनुकरणीय आदर्श व्यक्तित्व बना देता है।

संस्था सचिव एसी साधवानी, सह-सचिव केएल रामनानी ने कहा कि सृष्टि के समस्त क्रिया-कलाप मर्यादा से बंधे होते हैं। उसी सृष्टि की रचना मानव.मात्र का जीवन भी मर्यादित अर्थात स्वानुशसित करती है। संस्था के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षक की भूमिका अंत्यत महत्वपूर्ण है।




विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करते हुए सौमिल चैलानी, लवेश वाधानी, धीरज खुशलानी, सम्यक जैन एवं कृष्णा सीतलानी ने शिक्षकों के सम्मान में अपने भाव अभिव्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की उपप्राचार्या आशा चांगलानी ने स्वागत भाषण दिया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रबंधन समिति की ओर से सभी शिक्षकगणों एवं कार्यालयीन स्टॉफ को सम्मान निधि के रूप में चेक उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

### पेट्रोकेमिकल परियोजना का होगा शिलान्यास

# महीने भर में दूसरी बार सागर में पीएम, एक घंटे बीना में रहेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महीने भर में दूसरी बार सागर जिले में आ रहे हैं। वे इस बार 14 सितंबर को बीना आएंगे। वे वहां एक घंटे रहेंगे तथा इस दौरान बीना रिफाइनरी की 50 हजार करोड़ रुपये की पेट्रोकेमिकल परियोजना की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी और विदाई के लिए सरकार ने चार मंत्रियों को मिनिस्टर इन वेटिंग नामांकित है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री गुरुवार को सुबह दस बजे राजाभोज विमानतल, भोपाल पहुंचेंगे। यहां गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा उनकी अगवानी करेंगे। हेलीकाप्टर से वे 11 बजे बीना पहुंचेंगे। यहां नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह अगवानी करेंगे। जबकि, कार्यक्रम स्थल के लिए लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव को मिनिस्टर इन वेटिंग बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी भोपाल से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जाएंगे

प्रधानमंत्री सवा 12 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर रहेंगे। साढ़े बारह बजे बीना से रवाना होंगे। विदाई देने के लिए राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत हेलीपैड पर मौजूद रहेंगे। पीएम डेढ़ बजे भोपाल विमानतल से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जाएंगे।प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्था चाकचौबंद रखने के निर्देश दिए। साथ ही बताया कि 14 सितंबर का दिन मध्य प्रदेश के लिए निवेश की दृष्टि से अहम होगा। बीना में लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निवेश आ रहा है। इनमें केवल बीना रिफायनरी में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। किसी एक स्थान पर इतना बड़ा निवेश पहले नहीं आया है। लगभग तीन लाख व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



# कांग्रेस में शामिल हुए शर्मा के लिए प्लान-बी!

## सांसद का चुनाव भी लड़ाया जा सकता है मगर स्थानीय कांग्रेस की राय होगी अहम

**भोपाल/ नर्मदापुरम दोपहर मेट्रो**

**मप्र कांग्रेस में इस वक्त भाजपा से आने वाले नेताओं का दौर चल रहा है अब तक दूसरे दलों के करीब 70 नेता कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। हालांकि इस आवक से कांग्रेस के नेताओं में हलचल है और अंदरूनी तौर पर इन्हें लेकर अनमनापन भी है क्योंकि स्थानीय नेता व पदाधिकारियों को संदेह है कि कहीं उनके टिकट काटकर भाजपा से आये नेताओं को न दे दिए जाएं। हाल में नर्मदापुरम के भाजपा विधायक रहे गिरिजाशंकर शर्मा के कांग्रेस में आने के बाद भी उन्हें लेकर कई तरह की चर्चा हैं।**

भाजपा नेता और दो बार विधायक रह चुके गिरिजाशंकर शर्मा के कांग्रेस में शामिल होने के बाद अब उनके भावी उपयोग को लेकर कांग्रेस के भीतर कई तरह की चर्चा हैं। हालांकि नर्मदापुर में शर्मा के पैंतरें के बाद भाजपाई ही नहीं स्थानीय कांग्रेस नेता भी असमंजस में हैं। पहले तो यही माना जा रहा है कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता उन्होंने केवल सदस्य बनने के लिए ग्रहण नहीं की बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की किसी विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी या सांसद बनने के इरादे से ही वे कांग्रेस में आये हैं। उनकी नजर सोहागपुर सीट या सिवनी मालवा पर है। चूंकि नर्मदापुरम सीट से उनके भाई सीतासरन ही विधायक हैं लिहाजा यहां वे भाई के सामने चुनाव नहीं लडेंगे लेकिन यदि भाजपा ने सीतासरन के बजाए किसी और पर दांव लगाया तो शर्मा की भूमिका बदल सकती है। कांग्रेस से वे टिकट का दावा कर सकते हैं। मगर अभी गिरिजाशंकर पर स्थानीय कांग्रेस नेताऔं व डीसीसी का रुख भी महत्वपूर्ण होगा। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि कांग्रेस उन्हें लोकसभा चुनाव में आजमा सकती हैं क्योंकि लोकसभा सीट कांग्रेस दशकों से नहीं जीत पा रही है। वैसे तो, यह पहला अवसर नहीं है जब किसी का कद्दावर भाजपा नेता ने कांग्रेस का दामन थामा हो. भाजपा के पूर्व सांसद मंत्री सरताज सिंह भी गत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से दूर होकर कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने प्रत्याशी भी बनाया था लेकिन भाजपा के सीताशरण शर्मा के आगे वह टिक न सके।




### दो रह चुके हैं भाजपा जिला अध्यक्ष

गिरजाशंकर यहां से दो बार भाजपा के विधायक के अलावा दो बार भाजपा जिला अध्यक्ष भी रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं में उनकी पकड़ भी है। जानकार मानते हैं कि वे भाजपा के समर्थकों में सेंध लगा सकते हैं। उनकी उम्मीदवारी पर चुनाव प्रचार के प्रति भाजपा काडर की शिथिलता दिखाई दे सकती है भले ही वह खुलकर गिरिजाशंकर शर्मा का प्रचार ना करें लेकिन वह उनके खिलाफ भी प्रचार नहीं करेंगे तो भाजपा की वोट बैंक पर प्रभाव तो पड़ सकता है। जानकारों का अनुमान है कि यदि विधानसभा चुनाव में गिरजाशंकर को प्रत्याशी नहीं बनाया तो उन्हें कुछ महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र का कांग्रेस प्रत्याशी बनाया जा सकता है। क्योंकि लोकसभा के लिए अभी दूसरा कोई प्रत्याशी कांग्रेस में नजर नहीं आ रहा।

# 20 सितंबर तक भरे जाएंगे थर्ड ईयर सप्लीमेंट्री फॉर्म



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) ने सत्र 2022-23 के तहत थर्ड ईयर सप्लीमेंट्री परीक्षा के फॉर्म भरने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए के छात्र 20 सितंबर से फॉर्म भर सकते हैं। इसके बाद 21 से 25 सितंबर तक 300 रुपए अतिरिक्त भुगतान कर आवेदन कर सकेंगे। एक विषय के लिए 760 रुपए परीक्षा फीस है।

## 15 सितंबर से शुरू होंगे यूपीएससी के एग्जाम

**भोपाल.** संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2023, 15 सितंबर से शुरु होगी। यह परीक्षा 15, 16, 17, 18, 23 और 24 सितंबर को निर्धारित है। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर सितंबर के पहले सप्ताह में जारी किए जा सकते हैं। मुख्य परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी।

# एमबीए: क्वालीफाइंग राउंड में 15 हजार से अधिक प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमबीएम के क्वालीफाइंग राउंड में 15,833 विद्यार्थी प्रवेश ले चुके हैं। नए छात्र रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वे अपने मनपसंद कॉलेज जहां सीट खाली हैं वहां एडमिशन प्राप्त करने के लिए 14 और 15 सितंबर को शाम 5 बजे तक रिपोर्टिंग करनी होगी। पहले राउंड में 1,387 एवं दूसरे राउंड में 718 ने एडमिशन लिया था। वहीं बीई के सीएलसी राउंड में 4 हजार 204 विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया है। इससे पहले हुए तीन राउंड में रजिस्ट्रेशन करा चुके स्टूडेंट्स को दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं होगी।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी डीईओ को दिए नियमों का पालन कराने के आदेश

# किसी शिक्षक को होल्ड नहीं रखा जाएगा, अनावश्यक रोका तो होगी कार्यवाही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

स्थानांतरण नीति 2023 के तहत जारी ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी कुछ जिलों में शिक्षकों को अनावश्यक रूप से कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है।

ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों को नए दिशा-निर्देश जारी करते हुए हिदायत दी है कि किसी भी लोक सेवक को होल्ड पर नहीं रखा जाएगा। राज्य स्तर से जारी होने वाले सभी स्थानांतरण आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी यह भी देखेंगे कि किसी लोक सेवक को अनावश्यक रूप से भार मुक्त होने में रोका तो नहीं जा रहा है। ऐसे प्रकरण यदि वरिष्ठ कार्यालय के ध्यान में लाना आवश्यक हो तो संज्ञान में लाते हुए त्वरित कार्यवाही की जाए।



**रिपोर्ट जाएगी लोक शिक्षण संचालनालय:** आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित लोक सेवकों की सूची एवं स्थानांतरण आदेश संबंधित संकुल प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी के लॉग इन में प्रदर्शित होते हैं। इसलिए सभी जिला शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य संबंधित को तत्काल कार्यमुक्त किया जाना सुनिश्चित करें। सभी ऑनलाइन आदेशों द्वारा लोक सेवकों को अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित किया जाए। कठिनाई की स्थिति में कार्यभार ग्रहण कराने के बाद ही संचालनालय को अवगत कराया जाए।

## बीफार्मा-डीफार्मा के लिए 15 सितंबर तक पंजीयन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बीफार्मेसी और डीफार्मेसी की खाली सीटों पर प्रवेश के 15 सितंबर तक प्रक्रिया चलेगी। इसके लिए सीएलसी का लास्ट राउंड शुरू हो चुका है। ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होंने एडमिशन के लिए अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे 15 सितंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर एडमिशन ले सकते हैं। इससे पहले हुए तीन राउंड में रजिस्ट्रेशन करा चुके स्टूडेंट्स को दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि बीफार्मेसी और डीफार्मेसी कोर्स में एडमिशन के लिए तीन राउंड की काउंसलिंग प्रोसेस पूरी हो चुकी है। इनमें से दो राउंड तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सेंट्रलाइज्ड आयोजित किए गए। इसके बाद तीसरे राउंड के तौर पर कॉलेज लेवल काउंसलिंग हुई।

# यूजी-पीजी की सीटें भरने शुरू हुआ राउंड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कॉलेजों में छठवें और आखिरी राउंड में यूजी में 46,819 विद्यार्थी एवं पीजी में 23,88 विद्यार्थियों ने चॉइस फिलिंग की थी। इस राउंड में फीस जमा कर एडमिशन लेने की आज आखिरी तारीख है, जबकि पिछले वर्ष 5.84 सीटें खाली रहने के कारण विभाग ने 1.21 लाख सीटें कम कर दी हैं। यूजी-पीजी की खाली 4.59 लाख सीटों को भरने के लिए आज से सातवां राउंड शुरू हो गया। इसमें 18 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन होंगे। 20 सितंबर को कॉलेजों में मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। स्टूडेंट 20 से 26 सितंबर तक आवंटित कॉलेजों में ऑनलाइन फीस जमा कर एडमिशन ले सकेंगे। इसी अवधि में अपग्रेडेशन का ऑप्शन भी ले सकते हैं। 27 सितंबर को अपग्रेडेशन का आवंटन और 30 सितंबर तक प्रवेश होंगे। वैसे पांचवें राउंड तक यूजी-पीजी में करीब 4.91 लाख एडमिशन हुए थे।




**मेट्रो एंकर** | गणेश चतुर्थी व हरतालिका तीज को देखते हुए बदला टाइम टेबल

# राहत: तिमाही परीक्षा में 18-19 के पेपर में बदलाव, अब 22-23 सितं.को होंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित कक्षा 9, 10, 11 और 12वीं की तिमाही परीक्षाएं 12 सितंबर से शुरू हो गई हैं। पहले दिन 9वीं 10वीं का अंग्रेजी और 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों ने मनोविज्ञान का पेपर दिया। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 बजे रहा।

इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग ने हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी की पूजा को ध्यान में रखते हुए इस परीक्षा के टाइम टेबिल में संशोधन किया है। विभाग ने सोमवार को हरतालिका तीज व गणेश चतुर्थी के दिन होने वाले 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा के पेपर की तारीख बदलकर संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया है। अब 18 और 19 सितंबर को होने वाले पेपर अब 22 और 23 सितंबर को होंगे।

### पहले दिन 9वीं 10वीं में अंग्रेजी और 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों ने दिया मनोविज्ञान का पेपर



**23 सितंबर तक दो पालियों में परीक्षाएं:** हरतालिका तीज पर महिलाओं को स्वैच्छिक अवकाश की पात्रता है। जबकि गणेश चतुर्थी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। इस बार लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने पूर्व में प्रदेश के स्कूलों में कक्षा 9, 10, 11 एवं 12वीं की तिमाही परीक्षाओं को लेकर टाइम टेबल जारी किया था। यह परीक्षाएं बदले पैटर्न पर 12 से 21 सितंबर तक चलने वाली थीं। इसमें 18 सितंबर को हरतालिका तीज व 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी है। इन दोनों तरीखों में 9वीं से 12वीं के पेपर रखे गए थे। इसको लेकर महिला शिक्षक परेशान थीं। डीपीआई के संज्ञान में यह बात आने के बाद सोमवार को संशोधित टाइम टेबल जारी किया गया। अब यह पेपर 22 और 23 सितंबर दो पालियों आयोजित किए जाएंगे।

## सुविचार

''दिल समंदर जैसा रखना साहब, देखना नदियाँ खुद ही मिलने आयेगी।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# जरूरी थी फटकार

खालिस्तानी चरमपंथियों की कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियां नयी बात नहीं है बल्कि आए दिन यह सुनने को मिलता है कि वहां पर खालिस्तान समर्थकों ने किसी घटना को अंजाम दिया है। प्रकारांतर से यह भारत पर सीधा असर डालता है। इसीलिये हाल में दिल्ली में जी20 बैठक के दौरान भारत ने मुद्दा उठाते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत की चिंताओं से अवगत कराया। पीएम मोदी ने साफ कहा कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा में अलगाववाद को बढ़ावा और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। राजनयिक परिसरों में तोड़फोड़ और भारतीय समुदाय तथा उनके पूजा स्थलों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने यह बात जोर देकर कही कि दोनों देशों के संबंधों की प्रगति के लिए परस्पर सम्मान और विश्वास पर आधारित संबंध बहुत आवश्यक हैं। हालांकि भारत पहले भी कनाडा के समक्ष खालिस्तानी चरमपंथ के उभार और उससे खड़ी होने वाली चुनौतियों का मुद्दा उठाता रहा है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री ने जी20 की व्यस्तताओं के बीच जस्टिन ट्रूडो से इस मामले में बात की। क्योंकि हाल के दिनों में कनाडा में भारतीय समुदाय, विशेषकर राजनयिकों के खिलाफ प्रदर्शन, हिंदू मंदिरों पर हमले और दिवाली जैसे त्योहारों में खलल डालने की घटनाएं तेजी से बढ़ी। अधिकतर घटनाओं में खालिस्तानी चरमपंथी तत्त्वों का हाथ रहा। वे खुलकर इन घटनाओं की जिम्मेदारी भी लेते हैं। पिछले दो साल में तो वैंकुवर, टोरंटो, सरे, ब्रैंपटन, मिसीसाग जैसे शहरों में स्थित अनेक हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ या विरुपित करने की करीब दर्जन भर घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, इसी साल जून में सिख फार जस्टिस संगठन से जुड़े चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की अज्ञात लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी। भारत की इकतालीस खूंखार आतंकियों की सूची में उसका भी नाम था। इसलिए कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी चरमपंथियों ने इस हत्या के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए भारतीय उच्चायोग पर उग्र प्रदर्शन और तोड़फोड़ की थी। इसके अलावा अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब सरकार की कार्रवाई को लेकर भी कनाडा के चरमपंथी गुटों में कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। भारत और कनाडा के संबंध पहले तो मित्रवत रहे हैं, लेकिन कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी न केवल अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे, बल्कि वहां भारतीयों को भयभीत कर रहे हैं। हिंदू मंदिरों पर हमले और भारत विरोधी रैली-कार्यक्रम भारतीय व्यवस्था को चुनौती हैं। खालिस्तानी संगठन कनाडा को अब आतंकवाद की नर्सरी में तब्दील करते और उसे अपने मुख्यालय की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। अनेक खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठन कई देशों में अपनी गतिविधियां चला रहे हैं, लेकिन कनाडा में ये अधिक सक्रिय हैं। हालांकि ट्रूडो ने अपनी वही पुरानी प्रतिक्रिया दोहराई कि उनका देश शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेगा, हिंसा को रोकेगा और नफरत के लिए अपनी धरती का इस्तेमाल नहीं होने देगा। यही बात तो उन्होंने तब भी कही थी जब खालिस्तानी तत्त्वों ने भारतीय दूतावास पर प्रदर्शन कर तोड़फोड़ की थी। उसके बाद भी खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह कराया गया। कनाडा सरकार का यह लचीला रवैया भारतीय नेतृत्व के लिए चिंता है। महज चार करोड़ की आबादी वाला कनाडा स्वयं को धर्मनिरपेक्ष देश कहता है। वहां भारतीय मूल के लोगों की आबादी उसकी कुल जनसंख्या की चार फीसद है।इसीलिये भारत ने यदि कनाडा में मौजूदा सरकार से सीधी बात की है तो यह जरूरी भी था। भारतीयों की दुनिया में कहीं भी सुरक्षा सबसे पहली जरूरत है और यह दुनिया को भी संदेश है कि भारतीय दुनिया के हर कोने में सुरक्षित रहें यह वहां की सरकारों की जिम्मेदारी है।

## निशाना

### नहीं वो पैसा आया !



-कृष्णेन्द्र राय

आकर हमने लालच में भी।
था खाता खुलवाया ।।
इंतज़ार है अब तक ।
नहीं वो पैसा आया ।।
अलग-अलग नया नया ।
आता रोज बयान ।।
कुछ वर्षों से फिर भी ।
ना मिला सम्मान ।।
दे रहे हैं लालच ।
हमको भी बुलाओ ।।
मनमाफिक जल्द से ।
अब तो वो फल पाओ ।।
ज़ोर लगाया पूरा ।
हो जाए उद्धार ।।
गर्त में हम हैं गिरे ।
इस पर करें विचार ।।

## आज का इतिहास

- **1398**- तैमूर लंग 12 सितंबर 1398 को सिंधु नदी के तट पर पहुंचा।
- **1912**- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य फ़ीरोज़ गांधी का जन्म 12 सितंबर 1912 को हुआ।
- **1922**- भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का निधन 12 सितंबर 1922 को हुआ।
- **1962**- भारतीय रचनाकार रांगेय राघव का निधन 12 सितंबर 1962 को हुआ।
- **1971**- भारत के प्रसिद्ध संगीतकार शंकर जयकिशन का निधन 12 सितंबर 1971 को हुआ।

# जातिवादी जुमलों से जनमत जुटाने की राजनीति

राजेश रामचंद्रन

सनातन धर्म का अर्थ है शाश्वत मूल्य। फिर क्यों डीएमके के नेताओं का झगड़ा इस कालजयी दर्शन से है? सबसे गलीज़ भाषा में गरियाना तो एक तरफ, सनातन धर्म की तुलना भयंकर बीमारी से की गई है। इसके भीतर छिपी है तथाकथित द्रविड़ राजनीति की जातीय नफरत आधारित संकीर्ण चाल। तमिलनाडु की पिछड़ी जाति आधारित चुनावी राजनीति में जिसे -द्रविड़ार विचारधारा- के नाम से जाना जाता है और जिसका शेष दक्षिण भारत में कोई नामलेवा नहीं हैङ्क सनातन धर्म को एक प्रतिरोध का शब्द या ब्राह्मणों को गरियाने का विशेषण बना दिया गया है।

तमिलनाडु में पिछड़ी जाति की राजनीति करने वाले नेताओं और उनके मतदाताओं के लिए सनातन धर्म शब्द को प्रतीक बना डाला है ब्राह्मणों के प्राधान्य, कर्मकांड, अंधविश्वास और ब्राह्मणवादी सामंतशाही का। जिस तरह हिंदुत्व की राजनीति करने वाले नेता एक वर्ग विशेष को 'गैर' ठहराकर बहुसंख्यकों को इकट्ठा करने में लगे हैं, वैसे ही पिछड़ी जाति की राजनीति करने वाले तमिलनाडु के नेता लोगों को लामबंद करने में सनातन धर्म का इस्तेमाल करते हैं। तथ्य है कि ईवी रामासामी नायकर जो पेरियार के नाम से प्रसिद्ध हैं, ने ब्राह्मण विरोधी नफरत को एक विचारधारा में बदल डाला और इस मंच को 'द्रविड़ार कझगम' नाम दिया।रोचक कि आरएसएस और द्रविड़ार कझगम की स्थापना एक ही साल, 1925 में हुई और उनके आलोचक दोनों पर अंग्रेजों का पिट्ठू होने का इल्जाम लगाते हैं। पेरियार जब मद्रास प्रेसीडेंसी कांग्रेस कमेटी के मुखिया थे, तब उनका ज्यादा जोर ब्रिटिश शासन की बजाय ब्राह्मणों से भिड़ने पर रहा और ब्रितानी हुकूमत समर्थक जस्टिस पार्टी से हाथ मिलाया। रोचक यह भी कि जस्टिस पार्टी का नेतृत्व एक नायर कर रहे थे ( जबकि पेरियार के लिए सब गैर-ब्राह्मण दबे-कुचले थे, चाहे वे कितने भी बड़े भूस्वामी क्यों न हों )। द्रविड़ राजनेता ज्यादातर मध्यम जाति श्रेणी से संबंधित थे, हालांकि तकनीकी रूप से उन्हें पिछड़ा या अति पिछड़ा जाति की श्रेणी में गिना जाता था। जो लोग खुद को चोल या पांड्या वंश की संतति बताते हैं, उनमें अधिकांश तमिलनाडु में अब पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षित कोटे के लाभार्थी हैं।

इसलिए, पेरियार की राजनीति पिछड़ी जातियों के गौरव और सशक्तीकरण को उभारने में मुफीद बैठती है, क्योंकि इसने संख्या के हिसाब से राजनीतिक रूप से गौण ब्राह्मणों को नस्लीय 'विजातीय' में तब्दील कर दिया। एक वक्त कांग्रेस में काफी संख्या में नेता ब्राह्मण थे,और पूरी संभावना है, पेरियार ने कांग्रेस और महात्मा गांधी पर हमला करने के लिए गरियाने में सनातन धर्म को एक सुलभ-शब्द बना डाला। ब्रिटिश हुकूमत के प्रति पेरियार के झुकाव का सबूत है, स्वतंत्रता आंदोलन का विरोध और 1947 में मिली आजादी को



अस्वीकार करना। यह उनकी ब्रिटिश-समर्थक, ब्राह्मण-विरोधी राजनीति थी जिसने तमिल अलगाववाद के बौद्धिक ढांचे की नींव रखी, जिसकी कीमत राष्ट्र ने कई जानें गंवाकर चुकाई, इसमें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी थे -क्योंकि श्रीलंका की एलटीटीई का नेतृत्व रणनीतिक बौद्धिकता के लिए सदा मुख्यभूमि के अतिवादी द्रविड़ार कझगम काडर पर निर्भर रहा।

इसमें यदि अंतर्निहित दोगलापन न होता तो इतना भर भी चल जाता। अब, जब तमिलनाडु में छोटे अल्पसंख्यक के रूप में ब्राह्मण पस्त हो चुके हैं और बेहतर जिंदगी के लिए मातृभूमि छोड़कर पलायन कर रहे हैं। ऐसे में मंदिरों और समाज पर ब्राह्मणों का पुराना आधिपत्य कायम रहना बीते वक्त की बात है। सबसे बड़ी विडंबना यह कि द्रविड़वादी काडर स्वयं बहुत बड़े आस्थावान और मंदिर जाने वाले भक्त हैं ! उनके लिए सनातन धर्म शब्द ब्राह्मणों को गरियाने का एक औजार भर है, लेकिन डीएमके के मतदाताओं को अपने नेताओं का ब्राह्मणवाद को गाली देने में और खुद हिंदू धर्म या मंदिरों में आस्था रखने के बीच कोई विरोधाभास क्यों नज़र नहीं आता।इसीलिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन एक लिखा-लिखाया भाषण पढ़ना गवारा कर पाए, जिसमें सनातन धर्म से 'छुटकारा' पाने की कामना की गई, क्योंकि अब यह और हिंदुत्व की राजनीति और संघ परिवार, एक बराबर है। इस तरह ब्राह्मणवाद और भाजपा को एक ही पलड़े में रखते हुए, हिंदुत्व की अलम्बरदार पार्टी को वह संगठन बताकर अवांछनीय बनाया जा रहा है जो समाज में कथित ब्राह्मणवाद आधारित ऊंच-नीच कायम रखना चाहता है। यदि पेरियार ने सनातन धर्म पर हमले बोलने वाला हथियार इस्तेमाल करके कांग्रेस को अवांछनीय बनाया तो स्टालिन पिता-पुत्र द्वय का पैंतरा है कि तमिलनाडु में भाजपा की पिछड़ी जातियों में पहुंच बनाने की कोशिश को ब्राह्मणवादी उद्यम की रंगत दी जाए। यह जातिगत नफरत को परोक्ष रूप में चुनावी संदेश देने वाली राजनीति है, जो वक्ता और श्रोता भली-भांति समझते हैं। इससे ज्यादा इसका कोई अर्थ नहीं है। क्योंकि अभी पिछले महीने ही उदयनिधि की मां दुर्गा स्टालिन ने केरल के सुप्रसिद्ध गुरुवायुर कृष्णा मंदिर में देवता को सोने का मुकुट चढ़ाया है, जहां रोजाना की पूजा वैदिक रीति अनुसार होती हैं। गुरुवायुर की तीर्थ यात्रा या तो वे करते हैं जिनमें बहुत ज्यादा आस्था हो या फिर वे, जिन्हें ज्योतिषी ने किसी ग्रह-दोष निवारण उपाय के तौर पर जाने को कहा हो। जो भी है, दुर्गा स्टालिन इतनी महंगी भेंट न चढ़ातीं यदि इसके पीछे पति-पुत्र की बेहतरी के लिए भगवान कृष्ण की कृपा पाने की चाहत न होती।

सनातन धर्म की जातिवाद और अस्पृश्यता के रूप में व्याख्या करना सबसे बड़ा दोगलापन है। क्योंकि तमिलनाडु के जाने-माने गिरजाघरों में भी भयंकर किस्म का जातिगत भेदभाव है और यहां तक कि गांवों में चाय की दुकानों पर भी, जहां दो तरह के गिलास होते हैं ङ्क एक अगड़ी एवं पिछडी जातियों के लिए तो दूसरा दलितों के वास्ते। क्यों पेरियार पर भी आरोप लगते हैं कि 1968 में कीज़वेन्मणि में 44 दलितों की हत्या होने के बाद उन्होंने वहां का दौरा नहीं किया। एक दलित कार्यकर्ता एवं लेखक ने पेरियार की पत्रिका 'विदुथलाई' को उद्धत करते हुए, कीज़वेन्मणि कांड पर पेरियार के विचार बताए हैं : 'वामपंथी आपकी मदद करने का नाटक कर रहे हैं। वे वेतन बढ़वाने और बेहतर जिंदगी देने का वादा कर रहे हैं। लेकिन राजनीतिक आंदोलन से पगार में बढ़ोतरी असंभव है। यह केवल वस्तुओं के बाजारी भाव से तय होती है। दलितों को यह सिखाने की बजाय कि जो तन्खवाह मिल रही है, उसी में शांतिपूर्ण जिंदगी कैसे बिताई जाए वे सूबे में दंगे और डीएमके सरकार को अस्थिर कराना चाहते हैं'।

कीज़वेन्मणि कांड का मुख्य आरोपी गोपालाकृष्णा नायडू पेरियार की जाति से था। कोई हैरानी नहीं वर्तमान में भी डीएमके सरकार पर यह कलंक है कि उसने न केवल इस नरसंहार पर पुलिस को मूक-दर्शक बनाए रखा बल्कि बाद में अपील उपरांत नायडू को बरी होने में मददगार भी रही। इसलिए, डीएमके की जाति व्यवस्था विरोधी बातों को दलित-विरोधी जुल्म के परिप्रेक्ष्य में कसौटी पर कसा जाना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे द्रविड़ तर्कवाद पर प्रति-प्रश्न हो कि फिर राज्य के प्रथम परिवार ने भगवान कृष्ण को सोने का मुकुट क्यों चढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर पर, स्टालिन पिता-पुत्र द्वारा सनातन धर्म पर हमला बोलने ने इंडिया गठबंधन को अंतहीन शर्मिंदगी दे डाली है। और यहीं पर भारतीय राजनीति की विद्रूपता अंतर्निहित है ङ्कएक सूबे में जातिगत भावनाओं की बांसुरी बजाकर अपने पीछे लोग लगाने वाला काम दूसरे राज्य में सांप्रदायिकता के आधार पर अपनी मुखालफत में उलटा पड़ सकता है।

**-साभार :** यह लेखक के विचार हैं।

# नए शिक्षक से होगा नये भारत का निर्माण

ललित गर्ग

भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को इस बार भी पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित करने के बाद से देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। शिक्षकों को अधिक सशक्त, जिम्मेदार एवं राष्ट्र- व्यक्ति निर्माण में उनकी भूमिका पर विशेष बल दिया जाने लगा है। लार्ड मैकाले की शिक्षा में अब तक भारत में गुरु एवं शिक्षक श्रद्धा का पात्र न होकर वेतन-भोगी नौकर बन गया था, शिक्षक की भूमिका गौण हो गयी थी। 'सा विद्या या विमुक्तये', यह भारतीय शिक्षा जगत का प्रमुख सुभाषित है। इस सुभाषित के अनुसार सच्ची शिक्षा वह है जो विद्यार्थी को नकारात्मक भावों और प्रवृत्तियों के बंधनों से मुक्ति प्रदान करें। पर चिंता का विषय बना रहा कि भारत के शिक्षक ही आज इसकी उपेक्षा करते रहे हैं। ऐसा लगता है, मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। अब नयी शिक्षा नीति में शिक्षक के लिये शिक्षा एक मिशन होगा, स्वदेशी, सार्थक और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से उन्नत पी?ी का निर्माण होगा। गुरु के महत्व को ब?ाकर प्रबन्ध-तंत्र के वर्चस्व को घटाया जायेगा। अब भारत की नयी शिक्षा नीति में शिक्षक का चरित्र एवं साख दुनिया के लिये प्रेरक एवं अनुकरणीय बनकर प्रस्तुत होगा, जिसमें भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति का समावेश दिखाई देगा।

किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत ब?ी शक्ति होती है- अध्यापक वर्ग। इस वर्ग की प्रासंगिकता, अनिवार्यता और उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण का गुरुत्तर दायित्व होता है। यदि इस दायित्व में थो?ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह जाती है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक एवं गुरु आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन



सबका परिमार्जन एवं विकास करने का प्रयत्न करते रहते थे। जबकि मैकाले की शिक्षा विद्यार्थी को शरीर, मन, बुद्धि एवं चरित्र से रुग्ण बनाकर केवल धन कमाने की मशीन, कुसंस्कृत एवं पतनोन्मुख बनाती रही है। राजनीतिक संघर्ष से भले ही देश को शारीरिक स्वतंत्रता मिली पर विगत साढ़े सात दशकों में मानसिक-बौद्धिक-भावात्मक परतंत्रता की बे?िया मजबूत हुई है। अब नरेन्द्र मोदी सरकार ने शिक्षा की इन कमियों एवं अधूरेपन को दूर करने के लिये नयी शिक्षा नीति घोषित की है और उसमें शिक्षकों के दायित्व को महत्वपूर्ण मानते हुए उन्हें जिम्मेदार, नैतिक-चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण करने की जिम्मेदारी दी गयी है।

भारत के मिसाइल मैन, पूर्व राष्टपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमाग का राष्ट बन गया है, तो मुझे दृ?ता से लगता है कि उसके लिये तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं जो कोई फर्क पा सकते हैं वे पिता, माता और शिक्षक हैं।÷ डॉ. कलाम की यह शानदार उक्ति प्रत्येक व्यक्ति के दिमाग में आज भी गूंज रही हैं। शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ए. एस. अल्तेकर ने लिखा है- ''शिक्षा प्रकाश और शक्ति का ऐसा स्रोत है, जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करती है और उसे उत्कृष्ट बनाती है।'' लेकिन हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। इस ब?ी विसंगति को दूर करने की दृष्टि से वर्ततान शिक्षा नीति में व्यापक चिन्तन-मंथन किया गया है। पूरे देश में 'एक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षा' पॉलिसी पर काम किया जाने लगा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, शिक्षक देश के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इसी वजह से वे अधिक सम्मान के योग्य होते हैं।' नयी शिक्षा नीति में ऐसी संभावनाएं है कि राष्ट के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अधिक प्रभावी बनकर प्रस्तुत होगी। अब शिक्षा से मानव को योग्य, राष्ट-निर्माता एवं चरित्रवान बनाने का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा।

अन्य कलाओं की भांति शिक्षण भी एक महत्वपूर्ण कला है, शिक्षक उस कलाकार के समान होता है, जो अनग? पत्थर को तराशकर पूज्य प्रतिमा का रूप प्रदान करता है। वर्तमान में शिक्षण-कौशल एवं शिक्षण विधियों पर बहुत अनुसंधान हो रहा है। डॉ. जाकिर हुसैन ने अध्यापक को प्रेम, सहिष्णुता और त्याग की प्रतिमूर्ति माना है।



पाश्चात्य शिक्षाशास्त्री जॉन डयूवी ने 'एजूकेशन ऑफ टुडे' नामक ग्रंथ में शिक्षक के महत्व को स्पष्ट करते हुए लिखा है- ''शिक्षक बालक के लिए सदैव परमात्मा का पैगम्बर होता है, जो परमात्मा के सच्चे राज्य में प्रवेश कराने वाला है।'' एक अध्यापक स्रष्टा की भांति समाज की भावी पी?ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न करता है। यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता। ऋग्वेद के सूक्त में शिक्षक का माहात्म्य बताते हुए कहा गया है- ''हे ज्ञान और ऐश्वर्य के स्वामी आचार्य ! आप पिता के समान शुभचिंतक तथा बुद्धि के स्वामी हैं अतः हमें पूर्णतः शिक्षित कीजिए।'' जे. कृष्णामूर्ति ने सच्चे अध्यापक की जो कसौटियां प्रस्तुत की हैं, वे उसके व्यक्तित्व के माहात्म्य को प्रकट करने वाली हैं- ''सच्चा अध्यापक अभ्यंतर में समृद्ध होता है अतः अपने लिए कुछ नहीं चाहता, वह महात्वाकांक्षी नहीं होता, वह अपने अध्यापन को पद अथवा सत्ताधिकार प्राप्त करने का साधन नहीं बनाता। सच्ची संस्कृति इंजीनियरों और टेकनीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। अब शिक्षक एवं शिक्षा-नीति एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर अग्रसर हुई है। शिक्षक एवं शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य अब प्राप्त होगा। आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में - 'व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।' हाल ही में आपने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। अब नयी शिक्षा नीति से ऐसे ही आन्दोलनकारी शिक्षा उपक्रम जगह-जगह देखने को मिलें, तभी इस नवीन घोषित शिक्षा नीति की प्रासंगिकता है।

अनेकानेक विशेषताओं के बावजूद अब तक शिक्षक का पद धुंधला रहा था। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर उल्टा होता रहा है। स्कूलों की संख्या ब?ने के साथ जेलों के स्थान छोटे प?ते गये हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में ब? रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में मैकाले की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है। अशिक्षित और मूर्ख की अपेक्षा शिक्षित और बुद्धिमान अधिक अपराध करते रहे हैं। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जो तनाव, टकराव और बिखराव की घटनाएं घटित होती रही हैं, उसके मूल में संकीर्णता और ईर्ष्या की मनोवृत्ति भी एक ब?ा कारण है। व्यक्तित्व का टकराव भी इसी कारण ब?ा है। क्या कारण है कि नयी पी?ी के निर्माण में ऐसी त्रुटियां के बावजूद सरकारें कुंभकरणी निद्रा में रही, शिक्षक क्यों नहीं एक सर्वांगीण गुणों वाली पी?ी का निर्माण कर पाएं? इसका कारण दूषित राजनीतिक सोच रही है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। अब नयी शिक्षा नीति से सम्यक् चरित्र, सम्यक् सोच एवं सम्यक् आचरण का प्रादुर्भाव होगा।

### गौवंश की चिंता: गौशाला में गाय कैसे रह रही हैं, उन्हें भोजन समय पर मिल रहा है या नहीं

# सड़क से गौशाला लेकर गए गौवंश की हालत देखने पहुंचे नपा अध्यक्ष

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**


उपचार हो रहा है या नहीं देखने पहुंचे नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे

नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे सडकों पर यातायात बाधित कर बैठने वाले गौवंश को सडकों से हटाने का काम तो कर ही रहे हैं, साथ ही उनके लालन पालन की जिम्मेवारी भी उन्होंने उठाकर रखी है। वे इसका चिंता लगातार कर रहे हैं सडकों से लेकर जाकर न्यास कॉलोनी स्थित गौशाला पहुंचाई गए गौवंश ठीक से रह रहे हैं या नहीं। शाम को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे गौशाला पहुंचे और यहां गौवंश की देख रेख कर रहे विक्रम यादव व उनकी टीम से काफी समय चर्चा की और गौवंश को देखा उन्होंने भुसा खिलाया।

नगरपालिका अध्यक्ष ने यहां देखा कि गायें खुले में कहां पर चर रही हैं, शेड में कैसे भूसा खाती हैं, पानी की क्या व्यवस्था है। उन्होंने जाना कि बीमार होने पर गायों को उपचार मिल रहा है या नहीं। विक्रय यादव ने बताया कि मौजूदा व्यवस्थाएं तो ठीक हैं लेकिन जैसे जैसे सडकों से गायों को यहां लाया जाएगा वैसे वैसे जगह कम पड जाएगी और शेड बढाने पडेंगे। विक्रम यादव ने बताया कि यहां पर बाहर कीचड अधिक होने से समस्या आ रही है, मुरम डल जाएगी तो अच्छा रहेगा।

नगरपालिका अध्यक्ष ने यहां कडें से धूंआ होता हुआ देख पूछा कि धूंआ क्यों किया तो विक्रम ने बताया कि इससे मच्छर व अन्य कीट गायों को परेशान नहीं करते और गर्माहट बनी रही है, गायें इसके आसपास आकर बैठ जाती हैं।

### 150 से अधिक गौवंश है अभी

गौशाला में अभी 150 से अधिक गौवंश मौजूद है। यहां इन्हें अभी श्रीद्वारिकाधीश मंदिर समिति की खाली पडे मैदान पर चरने के लिए भेजा जाता है।

### इनका कहना है-

सडकों से लाए गए गौवंश को देखने के लिए गौशाला गए थे। यहां व्यवस्थाएं देखी हैं, कुछ व्यवस्थाएं बढानी होंगी। यह कैसे कर पाएंगे यह तय कर रहे हैं। यहां लाए गए गौवंश को ले जाने के लिए कई लोग प्रेशर बना रहे हैं, लेकिन वह उन्हें घर पर रखने को भी तैयार नहीं हैं, इसलिए उन्हें नहीं दिया जा रहा है। हमारा सभी गौ पालकों से निवेदन है वे यदि गौशाला पहुंचकर गाय लें तो उनकी जिम्मेदारी भी लेनी होगी कि सडक पर दौबारा नहीं छोडेंगे और जो भी जुर्माना तय है वह भरना होगा।
पंकज चौरे, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद इटारसी

# कलेक्ट्रेट रोड पर दिनदहाड़े चली गोलियां, एक युवक घायल

### एसपी ने घटनास्थल पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सोमवार की दोपहर में कोठी बाजार में कलेक्ट्रेट रोड एक युवक पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पिस्तौल से छै गोलियां दागी गई। दो गोली युवक के पैर में लगी युवा घायल हो गया। गोलीकांड की जानकारी मिलते ही तुरंत एसपी घटनास्थल पर पहुंचे और मौके से पुलिस बल को बुलाकर घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में घायल युवक का इलाज जारी है। पुलिस ने मौके से गोली के 6 खोके बरामद किए हैं। एसपी डॉक्टर गुरुकरन सिंह ने बताया कि कोठी बाजार में फायरिंग की वारदात के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल जो घायल है उसको उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। युवक खतरे के बाहर है। इस पूरे मामले में गोलीकांड के पीछे प्रॉपर्टी विवाद बताया जा रहा है।

# खराब फसल देखने पहुंचे कृषि विभाग के अधिकारी और वैज्ञानिक

**सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र में अल्पवर्षा और बीच में एक लंबे गैप के बाद बारिश के होने के कारण लगभग लगभग क्षेत्र की सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बादी के कगार पर पहुंच गई है।किसानो को बड़ी उम्मीद थी कि सोयाबीन की फसल अच्छी होगी और फसल भी अच्छी लगी थी। लेकिन आज क्षेत्र के सोयाबीन के रकवे वाले खेत में पूरी तरह से इल्ली ने खेत को खाकर साफ कर दिया है। सोयाबीन की फसल के नाम पर डंढल के अलावा खेतों में कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। सोमवार के दिन कृषि विभाग के अधिकारी और वैज्ञानिकों ने किसानों के खेतों में पहुंच कर सलाह दी वही बीमा कंपनी के लोग भी खेतों में पहुंच रहे हैं किसान यूनियन द्वारा इल्ली से बर्बाद हो चुकी सोयाबीन फसल का ग्राम कोलगाव,रिक्षी, शिवपुर नाहरकोला,का दौरा कर किसानों से चर्चा की किसानों ने अपनी इल्ली से नुक़सान हुई फसलों को खेतों में जाकर दिखाया।

# दो आदतन अपराधियों को कलेक्टर ने किया जिला बदर

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह ने दो आदतन अपराधियों को जिला बदर किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही कर विक्रम नगर रसूलिया निवासी आनंद उर्फ गोल्डी राजपूत तथा बालागंज निवासी भगवान दास जाटव को एक वर्ष के लिए नर्मदापुरम एवं सीमावर्ती जिले की सीमाओं से निष्कासन के आदेश दिए हैं।

# खिलाडियों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में खेलों के महत्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक?टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खिलाडियों के लिए आयोजन संबंधी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन ब्लॉक, जिला संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। समस्त संबंधित अधिकारियों, संस्थाओं आदि को आयोजन स्थल पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल सहित विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे।

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि जिले के सभी ब्लॉक में 12 से 18 सितम्बर तक चयन प्रक्रिया की जाएगी। खेलो एमपीयूथ गेम्स में कुल 18 खेलों का आयोजन ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर पर आयोजित होंगे। बाकि 6 खेल सीधे राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक के युवा जिनकी आयु 31 दिसम्बर 2023 तक होगी वे भाग ले सकेंगे। 18 खेलो में एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉधक्सग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखंब, तैराकी, बेटलिफ्टिक, कुश्ती, टेबल टेनिस, योगासन, व्हॉलीबॉल, शतरंज आदि खेल ब्लाक, जिला एवं संभाग स्तर पर आयोजित होंगे, बाकी के 6 खेल ताइक्कांडो, फेसिंग, रोइंग, कयाकिंग, कैनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी प्रदेश में कम प्रचलित है एवं उनकी अधोसंरचना उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नही है इनका आयोजन राज्य स्तर पर किया जाएगा। राज्य स्तर पर सर्वाधिक स्वर्ण पदक विजेता को ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी दी जाएगी। प्रत्येक खेल में बालक एवं बालिका खिला?ी को बेस्ट एथलीट से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध मेंअधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### वरिष्ठ नागरिक परिसंघ ने सौंपा ज्ञापन

# वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की मांग

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**





सोमवार को कलेक्टर की प्रतिनिधि डॉक्टर श्रीमती बबीता राठौर तहसीलदार मैडम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन की प्रमुख मांगो में 95 पेंशन योजना अंतर्गत न्यूनतम पेंशन राशि 5000 की जाए, न्यूनतम पेंशन राशि में महंगाई भत्ता जोड़कर दिया जाए,वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाये,केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना में सभी वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ा जाये। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के प्रदेश मंत्री पंडित दशरथ प्रसाद तिवारी, भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री शशांक माने, संभागीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ राजेश चौरे, रेत खदान मजदूर संघ के प्रदेश संयोजक भगवत शर्मा,पेंशनर महासंघ अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के संभाग प्रमुख के एन मिश्रा, पेंशनर महासंघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, पेंशन महासंघ के प्रदेश मंत्री जेपी मालवीय जी, सामाजिक समरसता मंच के भागचंद बरगले एवं वरिष्ठ नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष रामचरण वर्मा, कार्यालय प्रभारी अंबिका तिवारी इन सभी की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की झाबुआ बैठक मे पारित विज्ञप्ति का ज्ञापन प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री एवं श्रम मंत्री के नाम जिलाधिकारी को सोपा गया। शशांक माने जिलामंत्री द्वारा ज्ञापन की प्रति पढ़कर सुनाई गई तथा प्रदेश मंत्री पंडित दशरथ प्रसाद तिवारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# इल्लियों ने सोयाबीन की फसलों को पूरी तरह कर दिया नष्ट

### सोयाबीन फसल में नुकसान का सर्वे कराने आम आदमी पार्टी ने दिया ज्ञापन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



आम आदमी पार्टी द्वारा सिवनी मालवा क्षेत्र में सोयाबीन फसल में हुए नुकसान के सर्वे के लिए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को दिया।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुनील गौर ने बताया कि पिछ्ले दिनों अल्प वर्षा के कारण सोयाबीन फसल को काफी नुकसान हुआ बाद में तंबाकू के कारण भी सोयाबीन की फसल में काफी नुकसान हुआ है। ईल्ली के प्रकोप के कारण कई किसानों की फसल में 60 -70 परसेंट तक नुकसान हो गया है। किसानों के नुकसान का सर्वे समय रहते कराकर तत्काल क्षतिपूर्ति दी जाए,

साथ में आम आदमी पार्टी द्वारा सिवनी मालवा शहर की कुछ समस्याओं को लेकर भी कलेक्टर के नाम पर ज्ञापन दिया जिसमे मुख्य रूप से अधूरी पड़ी गौशाला की जांच कराकर उन्हें पूर्ण की जाए।

सिवनी मालवा का बाईपास बार-बार उखड़ जाता है जिसकी भी जांच करा कर दोषीओ पर कार्रवाई की जाए।

साथ में नगर पालिका द्वारा शहर का कचरा इकट्ठा कर सड़क किनारे फेंक दिया जाता है जिससे नगर में प्रदूषण फैल रहा है इस व्यवस्था को भी ठीक कराया जाए,

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, सर्किल इंचार्ज डी के लोवांशी, युवा विंक जिला उपाध्यक्ष नीरज हनोतिया, नीरज दीक्षित, अरविंद चौहान एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण कराएं

# फसल नुकसानी का व्यवस्थित सर्वे किया जाए : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



### क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराएं

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित समयसीमा की बैठक में सबसे पहले वर्षा की स्थिति एवं फसल नुकसानी की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग के वैज्ञानिक दल और अमले को जिले में भ्रमण कर जहां फसल नुकसानी हुई हैं, वहां व्यवस्थित सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के अमले को भी खेतों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी खरीफ फसलों के उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा कर 20 सितंबर से शुरू होने वाले धान पंजीयन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश उपार्जन संबंधी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में प्राप्त फॉर्म 6, 7 , 8 आदि आवेदनों की बारीकी से समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराएं। फॉर्म 7 मृतक व्यक्तियों के आवेदनों के निराकरण में विशेष ध्यान दे। ताकि शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि प्राप्त दावे आपत्ति और उनके निराकरण की जानकारी राजनीतिक दलों को भी दी जाएं। निर्वाचन से संबंधित दिशा निर्देशों पर प्रभावी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं। उन्होंने मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों में भी गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के लिए पैड न्यूज और फेक न्यूज मॉनिटरिंग के लिए मॉनिटरिंग सेल गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर सभी अधिकारियों को मशीन के संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बैठक में एनएच, पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों, पुल पुलियों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों द्वारा की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की भी समीक्षा की। भूमि आवंटन के प्रकरणों की भी समीक्षा कर कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा कर सभी नवीन पात्र महिलाओं के खाते सक्रिय कराने के निर्देश सभी सीएमओ और सीईओ को दिए। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबल योजना में भी पंजीयन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए।

कलेक्टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को निर्देशित किया कि टीम नियोजित कर लंपी वायरस से ग्रसित मवेशियों को चिन्हित कर उनके उपचार के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएं। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान दें।









### मरीजों को आयुर्वेद और यूनानी पद्धिति से उपचार में बाधा

# हाल-बेहाल वेंटीलेटर पर सिरोंज के आयुर्वेद और यूनानी अस्पताल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



एक और जंहा प्रदेश एवं देश भर में आयुष अस्पतालों को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि मरीज़ो को आयुर्वेद और यूनानी पद्धिति से उपचार मिल सकें तो वही विदिषा जिले के सिरोंज में आयुर्वेद और यूनानी अस्पताल वेंटिलेटर पर है जिनके लिए कोई नियमित चिकित्सा अधिकारी तक नही है जिस कारण इन आयुष अस्पतालों में मरीज़ो की संख्या कम होती जा रही है और मरीज सिरोंज से बाहर इलाज कराने को मजबूर है यह अस्पताल औषद्यालय सेवकों तक सीमित हो गए है यह नही कि जिले के अधिकारी इन रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयासरत नही परंतु बावजूद इसके अब तक यह पद शासन द्वारा नही भरे जा रहें हालांकि सिरोंज के राजीव गांधी अस्पताल में क्षेत्रिय विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से कुछ डॉक्टरो की पोस्टिंग हाल ही में हुई जिससे एलोपेथी पद्धिति के मरीजों को राहत मिली ।

### यूनानी अस्पताल में सप्ताह दो दिन सेवाए

जब यूनानी अस्पताल में औषालय सेवक अरविन्द सिंह तोमर मिले पर नियमित डॉक्टर न होने के कारण मरीजो की स्थिति भी शून्य रही तोमर ने बताया कि यूनानी अस्पताल में वह 2015 से कार्यरत है पर 2017 से नियमित डॉक्टर नही है पर विभाग द्वारा सप्ताह में दो दिन गरेठा अस्पताल में नियुक्त डॉ.सबा सिद्धिकि गरेठा के साथ साथ सिरोंज के यूनानी अस्पताल में भी सप्ताह के दो दिन बुधवार और शनिवार को अपनी सेवाए दे रही है जिससे कुछ हद तक यूनानी पद्धिति से इलाज कराने वाले मरीजों को राहत मिलती है आयुर्वेद केन्द्रोलिधोड़ा, मुगलसराय, रतनबर्री, मुरारिया, बामोरीषाला में भी इसी तरह चिकित्सा अधिकारी का आभाव है।

### आयुर्वेद में भी दो दिन बासौदा से आते डॉक्टर

यदि यूनानी के अलावा सिरोंज में संचालित आयुर्वे अस्पताल की बात करें तो आयुर्वेद अस्पताल भी यूनानी अस्पताल से लगा हुआ है जहां 2018से कोई नियमित आयुर्वे चिकित्सा अधिकारी पदस्त नही है जिसके चलते बासौदा के बरेठ से डॉ.राजकुमार रघुवंषी को भी सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं बुधवार को सिरोंज के आयुर्वे अस्पताल में सेवाए देने विभाग द्वारा भेजा जाता है अभी आयुर्वेद अस्पताल में एक महिला स्वास्थ कार्यकर्ता रामकली सिहं एवं कम्पोंडर प्रीतेष जैन पदस्थ है परंतु डॉक्टर तो डॉक्टर कम्पोंडर तक को सप्ताह में तीन दिन लटेरी तहसील के मुरारिया औषद्यालय केन्द्र पर अटैच करके रखा गया है ।

### दोनो ही अस्पतालों में घट रही मरीजों की संख्या

नियमित डॉक्टर जिन्हें यूनानी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी कहा जाता है दोनो ही अस्पतालों में इनके न होने के कारण मरीजों की संख्या घट रही है जिस कारण आयुर्वेद और यूनानी पद्धिति से इलाज कराने वाले मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है जिसमें कुछ मरीज भोपाल इलाज कराने को मजबूर होते है यूनानी अस्पताल के औषद्यालय सहायक के अनुसार जब नियमित डॉक्टर थे और प्रतिदिन अस्पताल में उपस्थित रहते थे तब लगभग 50 से 70 के करीब मरीज इलाज के लिए आते थे परंतु अब सप्ताह में दो दिन 10 से 15 मरीज ही आ रहें वही आयुर्वेद अस्पताल में कम्पोंडर श्री जैन की माने तो पहले 30 से 40 मरीज आते थे पर अब 10 से 15 है।

### नियमित मिलना चाहिए डॉक्टर

इस संबंध में जब कई मरीजों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि सरकार को इन यूनानी और आयुर्वेद अस्पतालों पर ध्यान देना चाहिए कम से कम एक एक डॉक्टर पदस्थ किया जाए स्थानीय नागरिक अमीन का कहना है कि कई बार भोपाल पड़ता है यदि सिरोंज में ही डॉक्टर उपलब्ध हो जाए यूनानी पद्धिति और आयुर्वे पद्धिति से इलाज कराने में आसानी होगी चूंकि अग्रेंजी दवाओं का लंबे समय तक सेवन नही किया जा सकता है।

### इनका कहना है

यूनानी और आयुष डॉक्टरों की कमी है अभी दो दो दिन अटैच करके कुछ जगह डॉक्टरों को रखा गया है वह अपनी सेवांए दे रहे है हाल ही में आयुष अधिकारीयों का एमपीपीएससी से रिज़ल्ट भी आया है हम उम्मीद करेंगे की इस बार हमारे जिले के आयुष अस्पतालों में रिक्त पद भरे जाए हमने भी कई बार प्रस्ताव विभाग को भेजा है पुनः हम इसके लिए प्रयास करेगें जिससे यह अस्पताल डॉक्टर के आभाव में खाली न रहें ।

डॉ. दिनेश अहिरवार
जिला आयुष अधिकारी विदिशा

# अहंकार करने वालों का हमेशा विनाश होता है , भक्ति करने वालों को भगवान मिलते हैं : तिवारी महाराज

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



सिरोंज ग्राम पिपलीहाट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक राम मोहन तिवारी ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि संसारी मानव जीवन पर्यंत भय में जीता है ,भय का भूत जन्म से लेकर मृत्यु तक सताता रहता है।, वहीं मानव ने सद्गुरू की संगति पाकर प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलना शुरू करता है तो भय मुक्त हो जाता है।हिरण्यकश्यप से बड़ा अहंकारी अनाचारी, आज के परिप्रेक्ष्य में देखें तो आंतकवाद का पर्याय कोई दूसरा नहीं था,उसके आतंक से समूचा ब्रह्माण्ड थर्राता था ।जब सत्पुरुषों का सानिध्य प्राप्त हुआ तो उसके घर में ही प्रहलाद जैसा धर्म का रक्षक भक्त प्रहलाद पैदा हुआ जिसने उसे आतंक के पर्याय का अंत प्रभु के हाथों करबा दिया, भक्तों में ही भगवान बसते हैं । कथा में भक्त प्रहलाद,धुर्व चरित्र,एवं भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की लीलाओं का वर्णन किया साथ ही बालकृष्ण के जन्मोत्सवा की सुंदर झाँकी का स्वरूप के दर्शन भक्तों को हुऐ। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# जनपद सीईओ ने पंचायत सचिवों को दिया एक ही दुकान से फलेक्स बनवाने का आदेश!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जनपद पंचायत सिरोंज आए दिन चर्चाओं में रहती है कुछ माह पूर्व मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाओं को लेकर चर्चाओं में रही तो वही अब पंचायत स्तर पर लगने वालेलाडली बहना योजना के फलेक्स को लेकर चौक चौराहो पर चर्चा में है । दरअसल जिला पंचायत विदिशा के पत्र क्रमांक /स्टोर/2023/11881 विदिशा दिनांक 4.9.2023 एवं कार्यालयीन पत्र क्रमाक/2300सिरोंज दिनांक 4.9.2023 का हवाला देते हुए जनपद पंचायत सिरोंज की मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत सिरोंज की समस्त पंचायतो के सचिवों को पत्र जारी कर लाडली बहना योजना पर केन्द्रित फलेक्स राघव फलेक्स से भुगतान कर प्राप्त करने का पत्र जारी किया गया है जिसमें दो बैनर बनना है 8 बाई 6 के फलेक्स आर रन फ्रेम में फिक्स कराना है जिसकी कीमत 1900 रू भी दर्शाई गई है जिसका भुगतान लाडली बहना योजना हेतु प्रदाय की गई राषि से किया जाना हे एक ही दुकान का जनपद सीईओ द्वारा अपने पत्र में उल्लेख करना शहर में चर्चा का विषय बना रहा जिसकों लेकर अन्य प्रिंटिंग करने वालों ने नाराजगी भी जताई इस संबंध में मुगलसराय से जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रशांत पालिवाल ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि जब खरीदारी पंचायत स्तर पर होना है तो सचिव,सरपंचो को फलेक्स बनवाने के लिए स्वतंत्र करना चाहिए इस तरह एक विशेष दुकान का उल्लेख करना गलत है।

### पंच परमेश्वर' एक आदर्श की जीती-जगाती कहानी अपनों से ज्यादा न्याय सर्वोपरि ,पंच परमेश्वर में होते हैं ईश्वर के वाक्य

**सिरोंज।** इसका अमर वाक्य, 'क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे' आज भी हमारी न्याय-बुद्धि की कसौटी बना हुआ है। पंच परमेश्वर के समान होते हैं। उनके सामने कोई छोटा-बड़ा, मित्र - शत्रु इस कदर भेद नहीं होता। वे सत्य का पक्ष लेते हैं। बिल्कुल तटस्थ होकर न्यायदान का कार्य करते हैं। पंच जो सुनाता है वह उसकी देववाणी होती है। पंच परमेश्वर नाटक में जुम्मन शेख-कुलदीप रघुवंशी, बूढी खाला ( जुम्मन की मौसी )- अंजना राय,अलगू चौधरी-लेकेश पवार, समझू साहु-क्रिश शर्मा, जुम्मन शेख की पत्नी-रौशनी कुशवाहा ,चेला-निखिल, बैल-गौरव झोड़, अन्य ग्रामीण में बलवीर सिंह और सभी कलाकारो के दमदार अभिनय की भारी सराहना हुई। नाटक में गीतों एवं संगीत का नया प्रयोग किया गया जिससे दर्शकों की भारी सराहना मिली।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

**सिरोंज।** सिरोंज कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अनेक विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, डीपीसी आर आर उइके, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता तथा एलडीएम अरूण शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**छात्र-छात्राओं को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ**-जिलेभर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में अनेक शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान शासकीय सीएम राइज स्कूल भैरून्दा में पोस्टर प्रतियोगिता भी

# पटवारी की 25 साल पुरानी मांग भी नहीं हो रही पूर्ण ,हड़ताल से किसान परेशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**




प्रदेश पटवारी महासंघ के आह्वान पर विकाखंड के पटवारी हड़ताल पर चल रहे इसके कारण किसानों के काम भी पूरी तरह से बंद पड़े हुए हैं, सरकार की योजनाओं का लाभ भी इस वजह से किसानों सहित आम लोगो को नहीं नहीं मिल पा रहा नामांतरण, बटवारा आदि के काम भी हड़ताल चलते बंद पड़े हुए हैं। जानकारी होने के बाद भी इनकी हड़ताल को खत्म करवाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहे हैं ।इसकी वजह से पटवारी ने अपनी हड़ताल को और तेज कर करते हुए धरना भी शुरू कर दिया है। 25 साल से जिस मांग को रख रहे हैं वह 28 00 ग्रेड पे की मांग करते आ रहे हैं, 2007 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन देते हुए पूर्ण करने की बात कही थी उसको भी आज तक अमल में नहीं लाया गया है। इसके अलावा तीन चार बार आश्वासन भी दे दिया गया है साथ ही सामान्य वेतन और प्रमोशन सहित कुल तीन मांगा है जिनमें से किसी एक को भी पूर्ण करने की दिशा में सरकार कदम नहीं उठा रही है। जल्दी हड़ताल खत्म नहीं हुई तो किसने की समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ जाएगी पटवारी संघ अध्यक्ष सुनील यादव ने बताय कि हम लोग 25 साल से माग को पूर्ण करवाने की लिए ज्ञापन प्रदर्शन आदि दे चुके हैं।

# निष्पक्ष और निस्वार्थ भाव ध्यान में रखकर ही करना चाहिए न्याय, यही पंच परमेश्वर कथा का मूल भाव

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



ग्राम पंचायत बगरोदा में अलग-अलग शहरों से आए कलाकारों द्वारा मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर का नाट्य रूपांतरण का मंचन किया गया जिसे देख दर्शक मंत्र मुक्त हो गए तो वही कहानी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति देखकर सभी दर्शकों ने उनकी खूब सराहना की ।मुंशी प्रेमचंद की इस कहानी का नाट्य रूपांतरण प्रख्यात रंगकर्मी एवं निर्देशक कर्मवीर सिंह राजपूत द्वारा किया है।बगरोदा पंचायत के सहयोग एवं कर्मवीर जनशिक्षण एवं सांस्कृतिक समिति के माध्यम से सरस्वती शिशु मंदिर, बगरोदा में कलाकारों के दमदार अभिनय की प्रस्तुति के साथ मंचित किया गया। ग्राम में पहली बार नाटक का मंचन हुआ है, पंच परमेश्वर कहानी का मंचन कर रहे कलाकारों ने सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित दर्शकों के हृदय पर अमिट छाप छोड़ी ।नाटक देखने आसपास के गांव से भी भारी संख्या में दर्शक उपस्थित हुए। ग्राम बगरोदा के सरपंच विक्रम सिंह परिहार, बहादुर सिंह रघुवंशी,वकील सिंह रघुवंशी,वीरन सिंह रघुवंशी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ नाटक पंच परमेश्वर आरंभ हुआ।पंच परमेश्वर नाटक रंग कर्मियों के दमदार अभिनय से सफल हुआ,भारत की सनातन परंपरा में निश्पच्छ न्याय व्यवस्था का सर्वोपरि स्थान रहा है, इसी बात को रेखांकित करती हुई कथासम्राट मुंशी प्रेमचंद की एक कालजई कहानी पंच परमेश्वर है।

**मेट्रो एंकर** मात्र दो हजार का प्रति माह का वेतन भी हमें हर महीने नही मिलता

# स्वसहायता समूह की महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सिवनी मालवा**



सिवनी मालवा में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सोफा जिसमें मांग की गई की हमारे द्वारा सभी माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शालाओं में मध्यान भोजन देने का कार्य करते हैं। ये सभी समूह 17 से 18 साल से निरन्तर कार्य कर रहे हैं। किन्तु हम सभी स्वसहायता समूह की सदस्यों को आज दिनॉक तक वेतन जो कि 2000/- रू. प्रतिमाह प्राप्त हो रहा है वह भी हमे हर माह नहीं मिलता है। महंगाई के चलते हम सभी समूह की महिलाओं को 6000/- रू. प्रतिमाह वेतन होना चाहिये जिससे कि हम अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी लाडली बहना योजना का लाभ सभी बहनों को प्रतिमाह 10 तारीख को दिया जा रहा है किन्तु हमें कार्य करते हुऐ भी उचित वेतन समय से प्राप्त नहीं हो पाता। हमें अपना वेतन प्रत्येक माह की 01 से 10 तारीख तक मिलना चाहिए एवं खाद्यान सामग्री भी प्रत्येक माह की 01 से 10 तारीख के बीच मिल सके ऐसी व्यवस्था करने की जाए। इनमें से कुछ समूह आंगनबाड़ी में भोजन बनाने का कार्य करते हैं जिन्हें मात्र 500 रू वेतन प्राप्त होता है। जो कि बढ़ाकर 1000 रू. किया जाए वर्तमान में आंगनबाड़ी समूह को मध्यान भोजन के लिये मिडिल स्कूल में प्रत्येक बच्चे पर 8 रू. थाली के हिसाब से दिया जा रहा है, जिसे बढ़ाकर 15 रू. थाली के हिसाब से किया जावे तथा प्राथमिक शालाओं में 05 रु. प्रति बच्चे थाली के हिसाब से दिया जा रहा है जिसे बढाकर 10 रु. प्रति थाली के हिसाब से किया जावे।

वर्तमान में सभी स्वराहायता समूह से साझा चूल्हा को जोड़ा गया है बच्चों के हिसाब से कम मात्रा में खाद्यान दिया जाता है जिसे बढ़ाकर उचित मात्रा में दिया जावे जिससे स्वसहायता समूह चलाने वाले सदस्यों को एवं हितग्राही बच्चों को परेशानी का सामना नहीं



# हर 7वीं पारी में शतक लगाते हैं विराट कोहली

वनडे में 3 शतक लगाते ही सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा 49 वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ देंगे...



**कोलंबो, एजेंसी।** विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में शतक लगाकर अपना बेहतरीन फॉर्म सबके सामने रख दिया। कोहली ने महज 84 गेंद पर अपना 47वां वनडे शतक लगाया, जो तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनका 77वां इंटरनेशनल शतक रहा। वह पिछले 12 महीनों में तीनों फॉर्मेट मिलाकर 7 शतक लगा चुके हैं। वनडे में वह 3 शतक लगाते ही सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा 49 वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि क्या वे तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे?

विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में शतक लगाकर अपना बेहतरीन फॉर्म सबके सामने रख दिया। पाकिस्तान के खिलाफ कोहली ने महज 84 गेंद पर अपना 47वां वनडे शतक लगाया, जो तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनका 77वां इंटरनेशनल शतक रहा। वह पिछले 12 महीनों में तीनों फॉर्मेट मिलाकर 7 शतक लगा चुके हैं। वनडे में वह 3 शतक लगाते ही सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा 49 वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि क्या वे तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे?

### औसत 7.29 पारियां

विराट ने तीनों फॉर्मेट में मिलाकर 561 पारियों में 77 शतक लगाए हैं। वह हर संेचुरी के लिए औसतन 7.29 पारियां लेते हैं। इस हिसाब से 24 शतक के लिए उन्हें 175 पारियों की जरूरत है। अपने 16 साल के करियर में कोहली ने हर साल औसतन 35 पारियां खेली हैं। यानी 175 पारियों के लिए उन्हें 5 साल और खेलना होगा। बिलकुल मुमकिन है कि वे 5 साल और खेल जाएंगे और इस स्पीड से 2028 के अंत तक सचिन का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

### पिछले 12 महीनों में कोहली ने 7 इंटरनेशनल शतक लगाए

विराट कोहली दिसंबर 2019 से अगस्त 2022 तक कोई इंटरनेशनल शतक नहीं लगा सके, लेकिन पिछले साल 8 सिंतबर को उन्होंने एशिया कप में ही टी-20 संेचुरी लगाकर अपने शतकों का सूखा खत्म किया। कोहली ने तीनों फॉर्मेट में 6 और शतक लगा दिए। इसके लिए उन्होंने 40 पारियां लीं। यानी उन्होंने औसतन 5.7 पारी में एक शतक लगाया। इस हिसाब से वह अगली 137 पारियों में 24 शतक लगा देंगे।

सुपर-4 स्टेज का चौथा मुकाबला

# एशिया कप में आज भारत और श्रीलंका आमने-सामने

**कोलंबो, एजेंसी**

एशिया कप 2023 में सुपर-4 स्टेज का चौथा मुकाबला आज भारत और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। मुकाबले की शुरुआत कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमें एशिया कप के वनडे फॉर्मेट में 20वीं बार आमने-सामने होंगी, आखिरी बार 2014 में दोनों का सामना हुआ था।

सुपर-4 स्टेज में ये भारत का दूसरा मुकाबला है। टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच सोमवार को ही 228 रन से जीता था। वहीं श्रीलंका टीम ने अपने सुपर-4 के पहले मैच में बांग्लादेश को 21 रन से हराया था। ओवरऑल भारत-श्रीलंका के बीच 165 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं। भारत ने 96 और श्रीलंका ने 57 मैचों में जीत हासिल की। 11 मैच नो रिजल्ट और एक मैच टाई रहा है। कोलंबो में मंगलवार को बारिश की 84 फीसदी आशंका है।

### रोहित शर्मा टूर्नामेंट में भारत के टॉप स्कोरर

एशिया कप 2023 में भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा टॉप स्कोरर रहे हैं। वहीं, कुलदीप यादव टॉप विकेटटेकर हैं। श्रीलंका की ओर से समरविक्रमा के नाम सबसे ज्यादा रन है। श्रीलंका की ओर से एशिया कप 2023 में सबसे ज्यादा रन सदीरा समरविक्रमा के नाम है। वहीं मथीश पथिराना ने टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

इस स्टेडियम की पिच का ज्यादा फायदा स्पिनर्स उठाते हैं। हालांकि भारत ने इसी मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ 356 रन भी बनाए थे। बारिश के कारण आउटफील्ड धीमा रहता है, ऐसे में आज का मुकाबला लो-स्कोरिंग देखने को मिल सकता है। टॉस जीतने वाली टीम पहले बैटिंग करना पसंद करेगी।

### ग्राउंड पर पंखे से लेकर हीटर तक का इस्तेमाल

एशिया कप का मौजूदा सीजन विवादों और बारिश के कारण चर्चा में रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ पहला मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हुआ तो दूसरे मुकाबले का रिजल्ट दो दिन में आया। इन विवादों के बीच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम के ग्राउंड स्टाफ जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी तारीफ भी खूब हो रही है। मूसलाधार बारिश के बाद वे जिस तेजी से ग्राउंड को खेलने लायक बना दे रहे हैं वह लोगों को हैरान कर रहा है। आम तौर पर बारिश के बाद पानी सुखाने के लिए सुपर सॉपर नाम की मशीन का इस्तेमाल होता है। लेकिन, प्रेमदासा के ग्राउंड स्टाफ बिना मशीन के यह काम कर रहे हैं। वह भी मशीन से तेज। मैदान से बारिश का पानी बाहर निकालने के लिए स्टाफ पानी को एक कवर से दूसरे कवर में ट्रांसफर करता है और इस प्रोसेस से जरिए पानी को बाउंड्री के बाहर ड्रेनेज तक पहुंचाया जाता है। अगर ग्राउंड के किसी हिस्से में पानी गिर जाता है तो उसे सुखाने के लिए पंखे की हवा और हीटर जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है। दुनिया के ज्यादातर मेजर क्रिकेटिंग संेटर में बारिश के बाद पानी हटाने के लिए सुपर सॉपर का इस्तेमाल होता है। मशीन के जरिए पानी पूरी तरह सुखाने में जितना वक्त लगता है, प्रेमदासा के सपोर्ट स्टाफ उससे 1 घंटा कम समय में यह काम कर लेते है।

# वर्ल्ड कप: न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया

**न्यूयार्क, एजेंसी**

भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया है। बोर्ड ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो पोस्ट किया है। टीम की कप्तानी चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन के पास रहेगी। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पिछली बार की रनर-अप न्यूजीलैंड टीम का



पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से होगा। 2023 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। आईपीएल के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे। टीम में फिन एलन की जगह विल यंग को शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और एडम मिल्ने वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। ट्रेंट बोल्ट और जेम्स नीशम को भी टीम में जगह मिली है, हालांकि दोनों इस साल न्यूजीलैंड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं हैं।

एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस क्रिकेट की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंपी

# एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन में होंगे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

एशियन गेम्स के लिए पुरुष और महिला टीम की कैंप बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में लगाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुरुष टीम का 12 दिन और वुमन टीम की 4 दिन का कैंप लगाया जाएगा। दरअसल एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन में होना है। एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार शामिल किया गया है। इससे पहले 2010 और 2014 के एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल किया गया था। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाना है।




**पुरुष टीम का कैंप आज से:** मेंस टीम का कैंप 12 सितंबर से एनसीए में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप 12 सितंबर से 24 सितंबर के बीच आयोजित होगा। जबकि महिलाओं का कैंप 13 सितंबर से 16 सितंबर के बीच होगा। महिला टीम 17 सितंबर को चीन के लिए रवाना हो जाएगी। वहीं पुरुष टीम का कैंप जारी रहेगा। महिला क्रिकेट टीम के मैच 19 सिंतबर से 27 सितंबर तक खेले जाएंगे। वहीं पुरुष क्रिकेट टीम के मैच 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। विमेंस कैटेगरी में 14 टीमें और मेंस में 18 टीमें पार्टिसिपेट करेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में अपने अभियान की शुरुआत 22 सितंबर से क्वार्टर फाइनल से करेगी। वहीं भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का अभियान 5 अक्टूबर से क्वार्टर फाइनल से शुरू होगा। एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम विमेंस टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान) को बनाया गया है।

मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

# कृति की बहन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे प्रभास

प्रभास के फैंस के लिए हाल ही में एक अच्छी खबर सामने आई है। साउथ फिल्म मेकर विष्णु मांचू ने रविवार को एक्टर से जुड़ी बड़ी अनाउंसमेंट की है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि प्रभास उनकी फिल्म कन्नप्पा का हिस्सा होंगे। विष्णु मांचू की इस अनाउंसमेंट के बाद से ही कहा जा रहा है कि प्रभास इस फिल्म में भगवान शिव का किरदार निभाएंगे। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से प्रभास के किरदार को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया गया है। दरअसल साउथ ट्रेड एक्सपर्ट रमेश बाला ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने लिखा- सोर्सेस के मुताबिक सुपरस्टार प्रभास कन्नप्पा द ट्रू एपिक इंडियन टेल का हिस्सा रहेंगे। यह फिल्ममेकर विष्णु मांचू का ड्रीम प्रोजेक्ट है। दोनों का यह कोलेबोरेशन काफी इंटरेस्टिंग होने वाला है।



### भगवान राम का निभा चुके हैं किरदार

रमेश के इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए विष्णु ने लिखा- 'हर हर महादेव।' फिल्ममेकर के इस कमेंट के बाद से ही फैंस कयास लगा है कि प्रभास इस फिल्म में भगवान शिव का किरदार निभाएंगे। बता दें कि इस फिल्म का डायरेक्शन डायरेक्टर मुकेश सिंह करेंगे। फिल्म में प्रभास के अलावा कृति सेनन की बहन नुपुर सेनन भी लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए एक्ट्रेस अपना एक्टिंग डेब्यू करेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कन्नप्पा की शूटिंग न्यूजीलैंड में होगी, वहां पर फिल्म के लिए खास सेट तैयार किया जरा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। बीते दिनों मेकर्स ने फिल्म के लिए पूजा सेरेमनी रखी थी। इससे पहले प्रभास ने आदिपुरुष में भगवान राम का किरदार निभाया था।

# प्रीति जिंटा बोली-मैं तो जोनस ब्रदर्स की फैन हो गई

हाल ही में प्रीति जिंटा ने यूएस में निक जोनस का कॉन्सर्ट अटेंड किया। इस कॉन्सर्ट में प्रियंका चोपड़ा भी मौजूद थीं। प्रीति ने जोनस ब्रदर्स कॉन्सर्ट अटेंड की एक वीडियो क्लिप भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इस दौरान प्रियंका ब्लैक कट-आउट ड्रेस में थीं। उन्होंने अपने बाल भी खुले रखे थे। प्रीति ब्लैक टॉप और रेड चेक स्कर्ट में दिखीं। दोनों ने साथ फोटो भी क्लिक कीं। प्रीति ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- क्या मजेदार शाम थी और जोनस ब्रदर्स को सुनने का बहुत अच्छा चांस था। उन्होंने प्रियंका को टैग भी किया और लिखा- बढ़िया होस्ट होने के लिए थैंक्स! उन्होंने निक जोनस को भी टैग किया और लिखा- आप दोनों ने बहुत बढ़िया परफॉर्म किया। मैं तो आपकी फैन हो गई। आगे के टूर के लिए ऑल द बेस्ट! वीडियो पर एक यूजर ने लिखा- प्रीति और प्रियंका को साथ देखकर अच्छा लगा।



# शो के सेट पर बेहोश हुए थे अभिनेता मोहित रैना



मोहित रैना ने भले ही 'उरी', 'काफिर', 'शिद्दत' या मिसेज सीरियल किलर जैसे प्रोजेक्ट में काम किया हो, लेकिन फैंस उन्हें आज भी भगवान शिव किरदार के लिए जानते हैं। एक्टर ने टीवी सीरियल 'देवो के देव महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाया था।वहीं अब हाल ही में मोहित ने अपने इस किरदार के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि भगवान शिव के किरदार के कारण उनके फैंस उनसे एक खास जुड़ाव महसूस करते हैं। इस दौरान मोहित ने शो से जुड़ा दिलचस्प किस्सा भी बताया, जब वह शो की शूटिंग के दौरान बेहोश हो गए थे। उन्होंने कहा- एक सीन करना था, जहां मुझे हाथ फैलाकर जोर-जोर से चिल्लाना था। अब यह वाइड शॉट था तो मुझे इसके लिए असल में आवाज नहीं निकालनी थी। इसलिए मैंने चिल्लाने की एक्टिंग करते हुए अपना मुंह खोला। उन्होंने आगे कहा- उस पल सांस नहीं ले रहा था। ज्यादा समय तक सांस रोकने के कारण मैं बेहोश होकर फर्श पर गिर पड़ा। जब मुझे होश आया तो मैंने महसूस किया कि मेरे साथ क्या हुआ था। मोहित ने कहा कि मुझे कुछ पल के लिए ऐसा लगा था कि मेरे अंदर बुरी एनर्जी जा रही है।

### फैंस और उनके भगवान के बीच एक जरिया था

जब एक बुजुर्ग महिला ने उनके पैर छुए थे। रणवीर इलाहाबादी के साथ बातचीत के दौरान मोहित ने उस प्यारी सी घटना का जिक्र किया, जिसके बाद उन्हें एहसास हुए कि वह फैंस और भगवान के बीच की एक कड़ी हैं। मोहित ने कहा- एक बार एक बुजुर्ग महिला मेरे पास आई और उन्होंने मेरे पैर छुए। जब मैंने उन्हें ऐसा करने से मना किया और कहा कि आप मेरी दादी की उम्र की हैं, तो उसने कहा कि मुझे उन्हें रोकने का कोई अधिकार नहीं है।' मोहित ने कहा- उन्होंने कहा कि मैं आपके पैर नहीं छू रही हूं। आप मेरे लिए अपने भगवान से जुड़ने का जरिया है। आप मुझे कुछ सेकंड के लिए उनसे आध्यात्मिक रूप से जुड़ने से नहीं रोक सकते हैं।'



# रिटेल निवेशक आईपीओ के लिए 15 तक बोली लगा सकेंगे

मेट्रो बाजार

**मुंबई, एजेंसी**

इस हफ्ते शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए चार इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ ओपन हो रहे हैं। इसमें आरआर केबल लिमिटेड, जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड, सैम्ही होटल्स लिमिटेड और यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड शामिल है। सैम्ही होटल्स ने आईपीओ के प्राइस बैंड की घोषणा कर दी है। आइए इन चारों कंपनियों के आईपीओ के बारे में एक-एक करके जानते हैं। आरआर केबल लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए 1,964.01 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 180.00 करोड़ के 1,739,130 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। इसके साथ ही 1,784.01 करोड़ के 17,236,808 शेयर कंपनी के प्रमोटर ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचेंगे। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 13 सितंबर से 15 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे। 26 सितंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। आरआर केबल लिमिटेड ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 983-1035 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 14 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 1035 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,490 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 182 शेयरों के लिए अप्लाय कर सकते हैं। निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 188,370 खर्च करने होंगे। वायर और केबल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है आरआर केबल





आरआर केबल वायर,केबल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। जून तिमाही में वायर और केबल संेगमेंट में कंपनी की 71 फीसदी हिस्सेदारी थी। इसके साथ ही कंपनी फास्ट मूविंग इलेक्ट्रिकल गुड्स बनाती है।

रिटेल निवेशकों के लिए सैम्ही होटल्स लिमिटेड का आईपीओ 14 सितंबर को ओपन होगा।

# नए नोकिया में रिप्लेसेबल बैटरी, 3 दिन बैकअप का दावा

**नईदिल्ली,एजेंसी।** फिनलैंड की दिग्गज टेक कंपनी नोकिया ने नोकिया जी-42 फाइव जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। इस फोन में 50 एमपी ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। बजट में फिट इस फोन को कंपनी ने 12,599 में लॉन्च किया है। नोकिया ने इस फोन में रिप्लेसेबल बैटरी दी है। साथ ही कंपनी ने यह दावा किया है कि फोन एक बार फुल चार्ज होने पर 3 दिन का बैटरी बैकअप देगा। नोकिया ने इस स्मार्टफोन को 6 जीबी रैम + 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ लॉन्च किया है, जिसे एक्पेंड किया जा सकता है। कंपनी ने फोन की कीमत 12,599 रखी है। बायर्स 15 सितंबर से कंपनी की वेबसाइट और ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से इस फोन को खरीद सकते हैं।



न्यू फोन में रिफ्रेश रेट के साथ 6.56 इंच की डिस्प्ले दी गई है। इसके डिस्प्ले का आस्पेक्ट रेशियो है। साथ ही इसमें 560 निट्स की ब्राइटनेस बूस्ट मिलती है। परफॉर्मेंस के लिए इस फोन में प्लस ओटा कोर चिपसेट दिया गया है, जिसकी स्पीड 2.2 जीएचजेड है। फोन में एंड्रॉयड 13 बेस्ड ऑपरेटिंग सिस्टम दिया गया है। पावर और बैकअप के लिए इस फोन में फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000 एमएएच की क्विक फिक्स रिप्लेसेबल बैटरी दी गई है। कंपनी का दावा है कि इस फोन का बैटरी बैकअप 3 दिन का है।

## दुकानदारों का आक्रोश, धरना...



भोपाल। स्मार्ट सिटी में दुकान नहीं मिलने पर जवाहर चौक आदर्श व्यापारी संघ ने आज धरना दिया। लंबे समय से यह मांग चली आ रही है।

# नेवरी तालाब में डूबने से पंद्रह साल के किशोर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नेवरी तालाब में डूबने से पंद्रह साल के किशोर की मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। हालांकि घटना की जानकारी परिजन को काफी देर बाद मिली। परिजन का कहना है रविवार शाम घर नहीं लौटने के कारण उसकी गुमशुदगी भी वह गौतम नगर थाने में दर्ज करा चुके थे।

एएसआई राजू रघुवंशी ने बताया कि सउद पिता मोहम्मद अरशद ( 15 ) शारदा नगर, नारियलखेड़ा में रहता था। वह पढ़ाई लिखाई छोड़ चुका था और घर पर ही रहता था। उसके पिता अरशद आटो चालक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर वह घर से यह कहकर निकला था कि कुछ देर में आता हूं। इसके बाद शाम तक वह घर नहीं पहुंचा। उसकी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शाम को उन्होंने सउद की गुमशुदगी गौतम नगर थाने में दर्ज कराई। इसी बीच पता चला कि कोई बच्चा नेवरी तालाब में डूब गया है। अनहोनी की आशंका होने पर सउद के पिता अरशद सोमवार दोपहर नगर निगम के गोताखोरों के साथ नेवरी तालाब पहुंचे थे। वहां गोताखोरों से सर्चिंग कराई। इस दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास




गोताखोरों ने सउद की लाश बाहर निकाल ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।

### दोस्तों ने नहीं बताया

सउद जिन दोस्तों के साथ गया था उन्होंने सउद को गहरे पानी में डूबते देखा था, लेकिन डर के कारण वह अपने अपने घर चले गए और किसी को कुछ नहीं बताया। पुलिस सउद के साथ गए दोस्तों से पूछताछ करेगी।

## बाइक सवार ने एक्टिवा को मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा?थाना क्षेत्र स्थित कलेक्टोरेट के सामने बाइक सवार युवक ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। एक्टिवा में टक्कर लगने से एक्टिवा सवार बुजुर्ग को गंभीर चोट आई हैं और उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक सवार युवक की तलाश शुरू कर दी है।

आरोपी की तलाश के लिए पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि सुनील बाधवानी इद्रबिहार कालोनी एयरपोर्ट रोड पर रहते हैं और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गत 5 सितंबर की शाम करीब सा? 6 बजे के आसपास उनके चाचा नारायण दास बाधवानी ( 63 ) अपने बेटे मोहित के साथ घर से लालघाटी जा रहे थे उनके पीछे मैं चल रहा था। कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रही बाइक के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए एक्टीवा में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वह भाग निकला।

इधर, चाचा एक्टीवा सहित नीचे गिर गए। हादसे में उन्हें सिर में दाहिने कंधे पर चोट आई थी। उन्हें इलाज के लिए सनसाईन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अभी बोलने की स्थिति में नहीं है। अस्पताल में व्यस्त होने के कारण उन्होंने पुलिस को देरी से शिकायत कराई।

### कटारा हिल्स इलाके में अप्रैल की घटना अब सामने आई

# दुकान में बुलाकर बंधक बनाया, महिला से दुष्कर्म



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित स्प्रिंग व्हेली कॉलोनी के बाहर दुकान में बंधक बनाकर महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना गत अप्रैल महीने की बताई जा रही है। घटना के बाद महिला डरी सहमी होने के कारण शिकायत करने नहीं पहुंची थी, लेकिन आरोपी ने दौबारा उसे धमकाने का प्रयास किया तो पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

थाना प्रभारी बीएस प्रजापति ने बताया कि 36 साल की महिला शादीशुदा है और इलाके में रहती है। वह स्प्रिंग व्हेली में हाउस कीपिंग का काम करती है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत कॉलोनी के बाहर जयपाल सिंह राजपूत की पूजन पाठ सामग्री की दुकान है। कॉलोनी में काम करने जाने के कारण उसकी जयपाल सिंह से थोड़ी बहुत पहचान थी। गत 1 अप्रैल को वह काम करने के लिए स्प्रिंग व्हेली आई थी। इसी बीच आरोपी जयपाल सिंह ने उसे दुकान में बुलाया और बातचीत के दौरान दुकान का शटर बंद कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता डरी सहमी थी और उसने शिकायत नहीं की। आरोपी जय पाल के कारण उसने काम भी छोड़ दिया था। करीब एक सप्ताह पहले वह काम करने स्प्रिंग व्हेली पहुंची तो आरोपी की उस पर नजर पड़ गई और उसने उसे धमकाना शुरू कर दिया। जय पाल ने कहा कि अब इस इलाके में काम नहीं करने दूंगा। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी थी। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## बेरोजगारी के तनाव में युवती ने किया आत्मदाह

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित कुम्हारपुरा जिंसी में बेरोजगारी के तनाव में एक युवती ने आत्मदाह कर लिया। गंभीर रूप से झुलसी युवती को परिजन हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे।



वहां रात भर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

सहायक उप निरीक्षक राजकुमार गौतम ने बताया कि पिंकी साहू पिता सुरेश साहू ( 28 ) कुम्हारपुरा, जिंसी में रहती थी। उसके पिता सुरेश साहू जिंसी में किराना दुकान का संचालन करते हैं। रविवार रात माता-पिता और छोटा भाई टोनी साहू किराना दुकान पर थे। इधर घर में पिंकी साहू अकेली थी। सुरेश साहू का तीन मंजिला मकान है। मकान में किराएदार रहते हैं। किरायेदारों ने पुलिस को बताया कि रात करीब 8~30 बजे के आसपास पिंकी ने अंदर कमरे में आत्मदाह कर लिया था। आग की लपटों के बीच घिरी पिंकी बाहर तक निकल आई थी। नजर पढ़ते ही कंबल से उसकी आग बुझाई गई। इसके बाद परिजन को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन पिंकी को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह पिंकी की मौत हो गई।


### डिप्रेशन में थी पिंकी

परिजन से पूछताछ में पता चला कि पिंकी की दो बड़ी बहनें हैं। उनकी शादी हो चुकी है और वह अपने-अपने ससुराल में है। पिंकी ने स्नातक की पढ़ाई कर ली थी। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। नौकरी नहीं लगने के कारण वह तनाव में रहने लगी थी। लगातार तनाव में रहने के कारण उसका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था। परिजन उसका मनोचिकित्सक के पास इलाज भी कर रहे थे।

## डंपर ने मारी बाइक सवार को टक्कर, गंभीर घायल

**भोपाल।** होशंगाबाद रोड पर प्रधान मंडपम के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई हैं और उसका एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जगदीश झारिया ( 45 ) फ्लेट नं.-101 शीतल हाईट्स में रहते हैं और द मार्क होटल मिसरोद में किचन कैप्टन हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब सवा 11 बजे के आसपास राठौर होटल हबीगंज नाका से खाना खाकर अपने घर लौट रहे थे। बागसेवनिया थाना चौराहा के आगे प्रधान मंडपम के सामने पहुंचा तो सामने से आ रहे डंपर ने तेजी व लापरवाही पूर्वक डंपर चलाकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे बाइक समेत सड़क पर गिर गए। इस हादसे में उन्हें दाहिने हाथ की अंगुली ,कमर , नाक ,सिर मुंह में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया?था। बाद में उनकी पत्नी संगीता झारिया पहुंची और उन्हें एम्स ले गई। फिलहाल उनका एम् स में इलाज चल रहा है।

# बाइक सवार लुटेरों ने युवक से छीना मोबाइल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में बाइक सवार लुटेरों ने युवक का मोबाइल छीन लिया। घटना कल सोमवार रात करीब 9 बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। सूत्रों की माने तो पुलिस को फुटेज में संदेही नजर आए हैं और पुलिस जल्द ही ही आरोपियों तक पहुंच सकती है। पुलिस के अनुसार मोहन प्रसाद भार्गव ( 18 ) विदिशा का रहने वाला है और फिलहाल कॉलेज में प?ाई कर रहा है। इन दिनों वह मिनाल रेसीडेंसी में रह रहा है और सीएम हेल्प लाइन के कॉल सेंटर में नौकरी कर रहा है। मोहन प्रसाद ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे के आसपास वह औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा से होते हुए मिनाल जा रहा?था। वह गूगल मेप के जरिये मिनाल की तरफ पहुंच रहा?था। इसी बीच बी सेक्टर को दर्शाने वाले बोर्ड के पास पहुंचा था, तभी बाइक पर पीछे बैठे लुटेरे ने उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया। वह शोर मचाता रहा और आरोपी तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत पांच हजार रुपए बताई जा रही है।

## मतदाता सूची के लिये 37 लाख आवेदन का निराकरण 27 तक

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हो रही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन करने की अवधि समाप्त होने तक निर्वाचन अधिकारियों को कुल 37 लाख आवेदन मिले हैं। नाम जोड़ने के लिए पिछले पुनरीक्षण की तुलना में दोगुने आवेदन मिले तो संशोधन के लिए आधे से भी कम आवेदन आए। इन सबका 27 सितंबर तक निराकरण कर चार अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बताया जाता है कि मतदाता जागरूकता के लिए चलाए गए अभियान के सुखद परिणाम सामने आए हैं। छह जनवरी से 10 जुलाई के दौरान आयोग को नाम जोड़ने के लिए सात लाख 59 हजार 349 आवेदन मिले थे। जबकि, दो अगस्त से 11 सितंबर के बीच 18 लाख आवेदन नाम जोड़ने के लिए आए। नाम हटाने के लिए तब तीन लाख 89 हजार 549 आवेदन मिले थे, लेकिन अभी छह लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं।

**मेट्रो एंकर**

### किराए पर लेकर बेच देते थे आरोपी

# कार चुराने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



मिसरोद थाना पुलिस ने करीब एक करोड़ रूपये की दस कारें शातिर जालसाज गिरोह से बरामद की हैं। पुलिस को दो अन्य की तलाश है। तीन दोस्तों ने मिलकर एक गिरोह तैयार किया था और वह ट्रांसपोर्टर से किराए पर कार चलाने का बोलकर गाड़ी लेते थे बाद में फर्जी दस्तावेज की मदद से यह कार दूसरे जिलों में ले जाकर बेच देते थे या गिरवी रख देते थे।

बताया जाता है कि आरोपी सोशल मीडिया के अलग-अलग माध्यमों पर लुभावने आफर देकर वह लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।आरोपित भोपाल के अलावा ग्वालियर, विदिशा, नरसिंहगढ़, अशोकनगर सहित अन्य जिलों में भी धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। मिसरोद थाना प्रभारी आरबी शर्मा का कहना है कि धोखाधड़ी के संबंध में पांच सितंबर को फरियादी ने आवेदन देते हुए बताया था कि उसने तीन कारें मोनिस नायर को किराए पर चलाने को दी थी। 30 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से किराया तय हुआ था, लेकिन उसने न तो किराया दिया और न ही मेरी कारें लौटा रहा है। इस पर पुलिस ने आरोपित मोनिस नायर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने तीन टीमें बनाई और तकनीकी जांच के बाद आरोपित मोनिस नायर को गिरफ्तार किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव बैरागढ़ कला में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी लाश परिजन ने देर रात बैरागढ़ कला खजूरी ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार विक्रम अहिरवार पिता जशवंत अहिरवार ( 24 ) बैरागढ़ कला में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता विष्णु अहिरवार ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात वह घर नहीं लौटा था। उसकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच रात करीब साढ़े 12 बजे कुछ लोगों ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से किसी की मौत हो गई। परिजन रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और उन्होंने मृतक की पहचान विक्रम के रूप में कर ली।

ज्योतिष परामर्श

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य
व कुंडली
विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022